


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 264 | ग्वालियर, सोमवार 26 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज़ ट्रैक

### हम बच्चे नहीं, करते रहेंगे विरोध...मोहन भागवत के आरएसएस वाले बयान पर असदुद्दीन ओवैसी का पलटवार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की ओर से रविवार को सीसीए को लेकर दिए गए बयान पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार किया है। ओवैसी ने कहा है कि हम बच्चे नहीं हैं, जिन्हें जिन्हें नागरिकता संशोधन कानून को लेकर गुमराह किया जाए। ओवैसी ने अपने ट्वीट में आगे कहा है कि बीजेपी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि सीएए+एनआरसी का करना क्या था। अगर यह मुस्लिमों के बारे में नहीं है, तो इसमें धर्म संबंधी हर चीज को हटा दें। यह याद रखेमं कि हम तक तक विरोध करते रहेंगे जब तक ऐसा एक भी कानून रहेगा, जो हमें हमारी भारतीयता साबित करने को कहेगा। ओवैसी ने आगे लिखा है कि मैं कांग्रेस, आरजेडी और उनके हमशक्लों से भी यह कहना चाहता हू कि आंदोलन के दौरान आपकी चुप्पी भूले नहीं है। जब बीजेपी नेता लोगों को सीमांचल घुसपैठिए कह रहे थे तो आरजेडी और कांग्रेस ने एक बार भी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी। दरअसल, संघ की सालाना दशहरा रैली में पहुंचे मोहन भागवत ने रविवार को कहा है कि भारत के इस नागरिकता अधिनियम संशोधन कानून में किसी संप्रदाय विशेष का विरोध नहीं है। उन्होंने कहा है कि देश की संसद में नागरिकता अधिनियम संशोधन कानून (सीएए) पूरी प्रक्रिया को लागू करते हुए पारित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि कुछ पड़ोसी देशों से सांप्रदायिक कारणों से प्रताड़ित होकर विस्थापित किए जाने वाले बन्धु, जो भारत में आएंगे, उनको मानवता के हित में शीघ्र नागरिकता प्रदान करने का यह प्रावधान था। उन देशों में साम्प्रदायिक प्रताड़ना का इतिहास है। भागवत ने कहा, यह संशोधन किसी विशेष धार्मिक समुदाय का विरोध नहीं करता। लेकिन, कानून का विरोध करने वालों ने ऐसा वातावरण बनाया कि इस देश में मुसलमानों की संख्या ना बड़े इसलिए ये कानून बनाया गया है।

### बिहार में बीजेपी फ्री कोरोना वैक्सीन वादे पर बोले उद्धव ठाकरे

# अन्य राज्य के लोग बांग्लादेश या कजाखस्तान से हैं?

**मुंबई।** बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी द्वारा फ्री कोरोना वैक्सीन के वादे पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने निशाना साधा है। ठाकरे ने दशहरा रैली में सवाल पूछा है कि क्या दूसरे राज्य के लोग बांग्लादेश या फिर कजाखस्तान से हैं। दशहरा रैली में उद्धव ठाकरे ने कहा, आप (बीजेपी) बिहार में मुफ्त कोविड-19 टीके का वादा करते हैं, तो क्या फिर अन्य राज्यों के लोग बांग्लादेश या कजाखस्तान से हैं। उद्धव ठाकरे ने बीजेपी को उनकी 11 महीने पुरानी सरकार को गिराने की चुनौती दी और कहा कि पार्टी को देश पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

वहीं, जीएसटी मुद्दे पर उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह व्यवस्था विफल हो गई है, प्रधानमंत्री को इसे स्वीकार करना चाहिए और पुरानी व्यवस्था को फिर से लागू करना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जो लोग अब हमारे हिंदुत्व पर सवाल उठा



रहे हैं, वे बाबरी मस्जिद गिराए जाने के समय शर्मिंदा महसूस कर रहे थे। बता दें कि इस साल की शिवसेना की दशहरा रैली महत्वपूर्ण थी, क्योंकि यह पहली बार है जब शिवसेना प्रमुख भी महाराष्ट्र के सीएम हैं। यह भी पहली बार है कि भव्य वार्षिक रैली शिवाजी पार्क मैदान में आयोजित नहीं की गई थी - जहां यह पारंपरिक रूप से आयोजित की जाती रही है। इसके पीछे की वजह कोरोना वायरस महामारी रही। वहीं, इस रैली को शिवसेना के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लाइव स्ट्रीम किया गया।

#### बीजेपी ने क्या किया है वादा?

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को पटना में बिहार चुनाव के लिए बीजेपी का संकल्प पत्र जारी किया था। इसमें शामिल 11 संकल्पों में पहला संकल्प मुफ्त कोरोना वैक्सीन लगाने का है। निर्मला ने कहा था कि बिहार में सरकार बनने पर जैसे ही भारत में आईसीएमआर द्वारा कोरोना वैक्सीन के टीके को मंजूरी दी जाएगी, बिहार के सभी लोगों को मुफ्त टीकाकरण की सुविधा दी जाएगी। इस वादे के फौरन बाद बिहार के चुनावी महासमर नया घमासान छिड़ गया। कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां जहां मौत का भय दिखाने का आरोप लगाकर इसकी आलोचना कर रही हैं वहीं यह मामला अब चुनाव आयोग की दहलीज पर भी पहुंच गया। सामाजिक कार्यकर्ता साकेत गोखले ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की।

### पीएम मोदी और नीतीश कुमार की चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए

# जेडीयू ने तैयार की रणनीति



**पटना।** जदयू ने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के रण में अपने सभी क्षेत्रीय प्रभारियों को उतार दिया है। ये नेता अपने प्रभार के जिलों में पिछले कई दिनों से कैम्प कर रहे हैं और सांगठनिक तौर पर अपनी पार्टी जदयू को सक्रिय करने के साथ ही घटक दल भाजपा, हम और वीआईपी से संगठन के स्तर पर बेहतर समन्वय बनाने में जुटे हैं। जदयू के क्षेत्रीय प्रभारियों को उनके कार्य में पार्टी की जिला इकाई के पदाधिकारी सहयोगी की भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के अन्य नेताओं के कार्यक्रमों को सफल बनाने में भी इनकी भूमिका रहती है।

गौरतलब है कि जदयू ने अपने 14 वरिष्ठ नेताओं को क्षेत्रीय प्रभारी बना रखा है। प्रत्याशी चयन में भी इनका फीडबैक पार्टी ने लिया था। अब ये क्षेत्रीय प्रभारी जदयू समेत एनडीए घटक दलों के सभी प्रत्याशियों की जीत के लिए ग्रासरूट के स्तर पर काम कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर क्षेत्रीय प्रभारी प्रो. नवीन आर्या पिछले कई दिनों से अपने प्रभार के जिले बक्सर और भोजपुर में जमे हैं। पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणवीर नंदन औरंगाबाद, गया और रोहतास में डटे हैं। कामाख्या नारायण सिंह कटिहार, पूर्णिया, अररिया, अरुण कुशवाहा मोतिहारी व बगहा, अनिल कुमार पटना जिला, डा. अमरदीप खगड़िया और बेगूसराय, विपिन यादव बांका, लखीसराय, नवादा, पंचम श्रीवास्तव भागलपुर और नवगछिया, ललन सर्राफ मधेपुरा और सहरसा जबकि चंदन सिंह नालंदा जिले में एनडीए उम्मीदवारों के लिए जमीनी स्तर पर जीत की रणनीति बना रहे हैं। जदयू के ये क्षेत्रीय प्रभारी अपने प्रभार के जिलों में पार्टी के बूथ/ पंचायत/ प्रखंड व जिला स्तर के अध्यक्ष, सचिव समेत अन्य कार्यकर्ताओं में जोश भरने में जुटे हैं।

# वोट के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता के पैरों में गिरे कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए शिवराज के मंत्री

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा की 28 सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में वोट पाने के लिए प्रत्याशी कुछ भी कर गुजर रहे हैं। यहां तक कि वे वोट मांगने के लिए मतदाताओं के पैरों में भी गिरने से पीछे नहीं हट रहे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के मंत्रीमंडल में शामिल रहे और ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक प्रद्युमन सिंह तोमर का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

वीडियो में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में गए प्रद्युम्न सिंह तोमर कांग्रेस कार्यकर्ता के सामने घुटनों के बल बैठकर वोट मांगते नजर आ रहे हैं। सिंधिया के समर्थन में कमलनाथ की सरकार गिराकर शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में जगह पाने वाले मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के इस वीडियो को लेकर प्रदेश की सियासत में खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, शिवराज सरकार में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर कांग्रेस के कार्यकर्ता रघुनाथ सिंह तोमर के घर गए थे। यहां उनके चरणों में गिरकर समर्थन के लिए गिड़गिड़ाते दिखे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने भी



मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने इसका वीडियो साझा करते हुए तंज कसा कि कांग्रेस के कुछ नेता बिक सकते हैं, मगर कार्यकर्ता नहीं। यह वीडियो इस बात का इशारा करता है कि कांग्रेस से बगावत कर बीजेपी में जाने वाले नेता किस अवस्था से गुजर रहे हैं। इस वीडियो को ट्वीट करते हुए कहा, यही फर्क है बिकाऊ और टिकाऊ में। बता दें कि इसी साल मार्च में प्रद्युम्न सिंह तोमर समेत कांग्रेस के 22 विधायक पाला बदलकर बीजेपी में शामिल हो गए थे। इससे कांग्रेस की तत्कालीन कमलनाथ सरकार गिर गई थी।

### अंतिम चरण में पहुंची हाथरस केस की सीबीआई जांच

# छुट्टी के दिन ऑफिस बुलाकर पीड़िता के पिता और भाई से चार घंटे तक पूछताछ

**हाथरस।** सीबीआई टीम की जांच शायद अंतिम चरण में है। टीम लगातार पूछताछ में जुटी है। रविवार को अधिकारियों ने मुख्य आरोपी के पिता और पीड़िता के दोनों भाइयों को बुलाकर उनसे करीब चार घंटे तक पूछताछ की। 14 सितम्बर को चंदपा के गांव बूलगढ़ी में हुई वारदात के बाद 29 सितम्बर को गैंगरेप पीड़िता की दिल्ली के सफदरगंज में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसके बाद खूब हंगामा हुआ। सरकार ने एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी अपनी जांच पूरी कर चुकी है। तेरह दिन से लगातार सीबीआई जांच पड़ताल में जुटी है। कई बार घटना स्थल का मुआयना किया है। पीड़ित परिवार से कई बार बात हो चुकी है। आरोपियों के अलावा गांव के लोगों के भी सीबीआई बयान दर्ज कर चुकी है। रविवार की



दोपहर को करीब बारह बजे सीबीआई के अधिकारियों ने चंदपा पुलिस के जरिये मृतका के दोनों भाई और मुख्य आरोपी संदीप के पिता गुड्डू को पूछताछ के लिए कैंप कार्यालय पर बुलाया। करीब चार घंटे तक तीनों लोगों से अलग अलग बातचीत की।

**कल की थी गांव के पांच लोगों से पूछताछ**-सीबीआई ने अपने कैम्प कार्यालय पर गांव के पांच लोगों को बुलाकर उनसे पूछताछ की। सुबह ही टीम अपने कैम्प कार्यालय में बैठी और चंदपा पुलिस के जरिये गांव के पांच लोगों को बयानों के लिए बुलाया गया। कई घंटे तक टीम ने पूछताछ की। चंदपा कोतवाली में दर्ज दो मुकदमों की एसटीएफ नोएडा जांच कर रही है। तीन दिन पहले टीम ने चंदपा कोतवाली आकर केस डायरी अपने साथ में ले ली है। मगर अभी तक टीम फिर से हाथरस नहीं आयी है। हो सकता है कि एक दो दिन में टीम हाथरस आकर अपना काम शुरू करे।

# आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को हुआ कोरोना, आइसोलेशन में रहकर करेंगे काम

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास रविवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने ट्वीट करके खुद के संक्रमित होने की जानकारी दी। शक्तिकांत दास ने ट्वीट किया, मैं कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया हूं। कोई लक्षण नहीं हैं। ठीक महसूस कर रहा हूं। हाल ही में मेरे संपर्क में जो भी आया है, उन्हें अलर्ट कर दिया है। आइसोलेशन में रहकर ही काम करूंगा। आरबीआई में काम सामान्य रूप से चलता रहेगा। मैं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और फोन के जरिए से सभी डिप्टी गवर्नर व अन्य अधिकारियों के संपर्क में हूं। बता दें कि भारत में लगातार तीसरे दिन 24 घंटे में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 55 हजार से कम रही है जबकि करीब तीन महीने के बाद एक दिन में मृतकों की संख्या घटकर 578 हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत में 50,129 नए मरीजों के बाद कुल मामलों की संख्या बढ़कर 78,64,811 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 1,18,534 हो गया है। संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या लगातार तीसरे दिन सात लाख से कम रही जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 90 फीसदी हो गई है।

### अलीगढ़ में दहशरे पर दहन से पहले

# गायब हुआ रावण का पुतला, पुलिस तक पहुंचा मामला

**अलीगढ़।** बुराई पर अच्छाई की विजय होने से पहले ही अलीगढ़ में रामलीला ग्राउंड से रावण का पुतला गायब हो गया। रविवार सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो दहन स्थल पर रावण का पुतला नहीं था। रामलीला कमेटी के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पदाधिकारियों ने पुलिस पर मनमानी करते हुए रावण दहन रोकने का आरोप लगाया है। विधायक सहित भाजपा के पदाधिकारी भी आ गए। कुछ देर बाद दहन स्थल के पीछे रावण का पुतले का सिर्फ ढांचा मिला। मामले में भाजपा नेता की तरफ से रामलीला महोत्सव अध्यक्ष वेदप्रकाश जैन के खिलाफ थाना गांधीपार्क में तहरीर दी गई है।

कोरोना काल में रामलीला का आयोजन नहीं हो सका था। बीते दिनों पुलिस-प्रशासन के साथ श्रीरामलीला महोत्सव कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। जिसमें तय हुआ था कि रावण दहन कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए रामलीला ग्राउंड में ही कराया जाएगा। जिसके चलते पुतले की ऊंचाई भी घटा दी गई थी। रामलीला गोशाला कमेटी ने परंपरा को कायम



रखने के लिए इस बार मंचन की जगह संगीतमय रामायण पाठ कराया। रविवार को दशहरा के अवसर पर सूक्ष्म रूप में नुमाइश मैदान की जगह रामलीला मैदान में रावण के पुतले का दहन होना था। इसके लिए कारीगर राजू के द्वारा बीते पांच दिनों से रावण का पुतला तैयार किया जा रहा था। रविवार को ग्राउंड में पुतले को आतिशबाजी लगाकर खड़ा किया जाना था। सुबह कमेटी के पदाधिकारी व आसपास के लोग पहुंचे तो वहां पर रावण का पुतला नहीं मिला। यह देख सभी लोग हैरान हो गए। पुतला तैयार करने वाला कारीगर भी नहीं मिला। कमेटी के पदाधिकारियों पर फोन घनघनाने शुरू हो गए। सूचना दिए जाने पर शहर विधायक संजीव राजा, इगलास विधायक राजकुमार सहयोगी, कोल विधायक अनिल पाराशर, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सुबोध स्वीटी, मानव महाजन, रामलीला कमेटी के विमल अग्रवाल, संदीप रंजन गुप्ता, अरविन्द गुप्ता सहित तमाम लोग आ गए। कमेटी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस रावण दहन रोकने के लिए जबरन पुतला गायब कराया है। विवाद बढ़ने पर एसीएम प्रथम अंजुम बी सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी आ गए। इस दौरान कुछ लोगों को दहन स्थल के पीछे बाग में रावण के पुतले का ढांचा तहस-नहस अवस्था में पड़ा देखा। कमेटी पुतले को दहन स्थल पर रखवाया। उधर जनप्रतिनिधियों, पुलिस-प्रशासन व कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक में तय हुआ कि रावण दहन रामलीला ग्राउंड में ही कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए होगा।

#### बुलवाकर लाया गया और पुनः पुतले को तैयार करवाया गया

भाजपा महानगर उपाध्यक्ष सुबोध स्वीटी ने थाना गांधीपार्क में तहरीर दी है। उपाध्यक्ष के अनुसार पता चला था कि कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए रामलीला ग्राउंड में रावण का पुतला दहन होगा। जब वह ग्राउंड में पहुंचे तो रावण का पुतला ही नहीं था। आरोप है कि रामलीला महोत्सव अध्यक्ष वेदप्रकाश जैन ने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर रावण का पुतला गायब कराया है। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।

#### पुलिस पर लगा रावण का पुतला तहस-नहस का आरोप

जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि रावण दहन की बाकायदा प्रशासन से अनुमति पूर्व में ही ली जा चुकी थी। इसके बावजूद एसओ गांधीपार्क ने शनिवार रात को रावण दहन करने के संबंध में नोटिस भेज दिया। कमेटी के पदाधिकारियों से अभद्रता की गई। जिसके बाद देर रात तीन बजे पुतले को ग्राउंड स्थल से गायब कर तहस-नहस किया गया। संजीव राजा, शहर विधायक का कहना है कि रामलीला ग्राउंड में पहुंचने पर पता चला कि वहां रावण का पुतला ही नहीं था। स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने कमेटी के पदाधिकारियों से साठगांठ कर हिन्दू धर्म की आस्था के रावण दहन असत्य पर सत्य की जीत के पर्व में विघ्न करने का प्रयास किया गया है। इस पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए। जो भी दोषी हो, उस पर कार्रवाई हो।अनिल पाराशर, कोल विधायक का कहना है कि इस पूरे प्रकरण में स्थानीय पुलिस की मिलीभगत है। एक ऐतिहासिक पर्व पर इस तरह की करतूत किया जाना निंदनीय है। कमेटी के अध्यक्ष की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है। इस घटना से शांत शहर का माहौल बिगड़ने से बचा है। अंजुम बी, एसीएम प्रथम ने बताया कि रावण का पुतला गायब होने की जांच की जा रही है। रावण दहन रामलीला ग्राउंड पर ही करवाया गया है। पुतला कैसे गायब हुआ, किसने तहस-नहस किया। जांच के उपरांत पता चलेगा। विमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष, रामलीला गोशाला कमेटी ने कहा कि शहर के प्रमुख रामलीला महोत्सव के दौरान होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में बाधा डालते हुए पुतला गायब कराया गया है। इसके लिए जो भी दोषी हो, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर...




## आदर्श गांव योजना के अंतर्गत देश भर में 18 राज्यों के 365 गांव में ग्राम गौरव मेला कार्यक्रम कराने का लक्ष्य



अमित शर्मा रिपोर्टर

**मालनपुर।** सूर्या फाउंडेशन के द्वारा नवरात्र के अवसर पर ग्राम गौरव मेला का आयोजन किया जाता है जिसके तहत आदर्श गांव योजना के अंतर्गत देश भर में 18 राज्यों के 365 गांव में ग्राम गौरव मेला कार्यक्रम कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है देश भर में 362 गांव में 17 से 25 अक्टूबर 2020 तक प्रत्येक दिन ग्राम गौरव के अंतर्गत अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने हैं प्रत्येक गांव में संस्कार केंद्र के शिक्षक भारत युद्ध के शिक्षक सूर्या यूथ क्लब के सदस्य सेवाभावी समिति एवं संस्कार केंद्र के भैया आदि मिलकर मेले का आयोजन करेंगे जिसमें कलश यात्रा कलश स्थापना भजन भाषण प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला भजन कीर्तन दुर्गा पाठ सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ मटकी दौड़ गृह सज्जा प्रतियोगिता रूप सज्जा प्रतियोगिता मातृ पितृ एवं बुजुर्गों का सम्मान किया जाता है इसी कड़ी में आज मालनपुर में कन्याओं को सूर्या फाउंडेशन के कार्यकर्ता द्वारा कन्या भोज कराया गया जिसमें कन्याओं का विशेष पूजन कर कन्या भोज कराया गया । तथा इस अभियान में पुष्पांजली टुडे रिपोर्टर अमित शर्मा जी को सुर्या फाउंडेशन द्वारा डायरी सप्रेम भेट किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूर्या फाउंडेशन के क्षेत्र प्रमुख शिव राजवाड़े व नरेंद्र रघुवंशी वह गांव के सेवाभावी सम्मत सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## कई नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**अमायन/भिण्ड-** अमायन में आयोजित कांग्रेस की आमसभा में आज कई दलों के प्रभावशाली दिग्गज नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी हेमंत कटारे के समर्थन में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की । जिनमे पूर्व जिलापंचायत सदस्य भूपत सिंह जादौन,दलवीरसिंह राठौर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शिवसेना, बृजमोहन सिंह बघेल पूर्व प्रत्याशी रौन,उमेश सिंह बघेल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लहार करके पुरा, सिपाही राम बघेल प्रदेश अध्यक्ष आर्थिक समानता पार्टी ग्राम बघौरा, मेहगांव, जनक सिंह बघेल पूर्व सरपंच ग्राम कछपुरा, निरंजन सिंह बघेल प्रदेश प्रवक्ता राष्ट्रीय समानता पार्टी ग्राम सुट्टू का पुरा,मकरंद सिंह पटेल डगर अशोक सिंह बघेल करके का पुरा,राम स्वरूप सिंह बघेल विधानसभा प्रत्याशी अशोक जाटव कांग्रेसी में शामिल हुए। इससे पहले राष्ट्रीय महासचिव मुकुल वासनिक के समक्ष सुरेश सिंह सिकरवार,रामहरि शर्मा,और सौम्या शर्मा ने भी मंच साझा कर कमलनाथ जी का स्वागत किया। इस दौरान पिछड़ावर्ग कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष राठौर भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नवरात्रि का पावन पवित्र पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



पाली. नेनाराम सीरवी. देशभर में नवरात्रि का पावन पवित्र पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया.विश्वव्यापी महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखकर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार इस बार सामान्य पूर्वक जिले में कार्यक्रम आयोजित किए गए. रानी पंचायत समिति ग्राम पंचायत.खिवाडा. के अधीन त्रिमूर्ति . साक्षात ईश्वर की सच्ची भक्ति के अनुरूप तीनो भाई बहन द्वारा अखंड नवरात्रि के दौरान 9 दिन अखंड उपवास किए गए. त्रिमूर्ति का संगम को देखकर मात्र कम उम्र में 9 दिन लगातार अखंड उपवास एवं दोनों समय अपने कुल के देव पूरब देव की पूजा अर्चना की गई.होम अष्टमी के पावन पवित्र पर्व पर सामान्य पूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर के राजस्थानी लोक संगीत का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थानी रीति रिवाज एम परंपरा के अनुसार बालिकाओं द्वारा नृत्य भी किया गया. आत्मा ही परमात्मा ईश्वर की सच्ची भक्ति के अनुरूप त्रिमूर्ति का जोड़ा 9 दिन अखंड उपवास करके रामनवमी के दिन पूजा अर्चना कर के ऊपर खोला गया. इस प्रकार पाली जिले में लगभग सभी जगह पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई.

## शिव सैनिकों ने शस्त्र पूजा कर शांति बहाली की कामना



**जम्मू--** शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू-कश्मीर इकाई के नेताओं ने आज विजय दशमी पर सेना कार्यालय जम्मू में शस्त्र पूजन किया । पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मनीश साहनी ने देश वासियों को विजय दशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयदशमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने लंकापति रावण का वध किया था। इसके अलावा इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का भी वध किया था। विजयादशमी के दिन शस्त्र पूजा उत्तम माना जाता है। यह दिन बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। साहनी ने जम्मू-कश्मीर के भटके युवाओं को सही रास्ते पर लौटने एवं आंतकवाद का रास्ता त्यागने की नसीहत देने के साथ स्वार्थ साधने एवं राजनैतिक रोटियां सेंकने वाले नेताओं के बहकावे में न आने की अपील की गई। इसके साथ ही शिव सैनिकों ने कश्मीर में सक्रिय अलगाववादी नेताओं को देश विरोधी बयानों पर लगाम लगाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

## उपचुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**नरेंद्र जाटव**

शिवपुरी जिले के दिनारा थाने में विधानसभा उपचुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च दिनारा थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त बनाना है इसी के लिए पैदल मार्च की जा रही है दिनारा थाने से लेकर रेस्ट हाउस श्री कृष्णा चौराहा दिनारा ग्राम पंचायत सराफा बाजार होते हुए आदि इलाकों में फ्लैग मार्च की गई इस दौरान लोगों में विश्वास पैदा किया गया कि प्रशासन पूरी तरह आप लोगों के साथ है लोगों को यह भी जानकारी दी गई की किसी भी असामाजिक तत्व की सूचना मिलने पर इसकी खबर पुलिस प्रशासन को दी जाए ताकि कार्यवाही की जा सके पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकलवाने से लोगों में विश्वास भी बढ़ रहा है फ्लैग मार्च में उपस्थित दिनारा थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह राजावत बीएसएफ इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह एएसआई संजय भगत आरक्षक दीपेंद्र गुर्जर मनीष दीपक उपाध्याय जितेंद्र रावत हिमाचल रावत मृत्युंजय शर्मा सहित बीएसएफ के जवान उपस्थित रहे

# माँ रेह्कोला देवी के दरबार में उमड़ा भारी जन सैलाब





**दबोह( अर्पित गुप्ता)**

बीर मलखान की तपो भूमि व् आलाउदल की रण भूमि दबोह क्षेत्र के ग्राम अमाहा में स्थित प्रशिद्ध शक्ति पीठ माँ रणकौशला देबी( रेहकोला देवी )के दरवार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्यप्रदेश एबं उत्तरप्रदेश,राजस्थान की सीमाबर्ती जिलों से हजारो की संख्या में भक्तो का भारी जनसैलाव उमड़ा एबं भव्य मेला सम्पन्न हुआ।नबमी के दिन हजारो की संख्या में जबारे,बारी चढ़ाकर भक्तों ने मैया के दरबार मे अर्जी लगाई।मेला में लाखों दर्शकों ने लुफ्त लिया तो वहीं सुरक्षा को देखते हुये दबोह थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे ने पुख्ता इंतजाम किए।जिसमे बड़ी संख्या में नगर रक्षा समिति के जबानों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।समूचे भिंड जिले में माँ रेहकोला देवी का दरबार ऐसा है जहाँ हिन्दुओ के साथ साथ मुस्लिम भाई भी माँ के प्रति अपार आस्था रखते है मन्दिर के पुजारी हलधर पंडा ने बताया कि आदि शक्ति पीठ माँ रहकोला देवी का दरबार आस्था का प्रतीक है जहाँ निःसन्तान को सन्तान की प्राप्ति होती है। कुष्ठ,कैंसर ,रोग जैसे घातक बीमारियाँ से त्रस्त भक्त भी प्रश्नन्न होकर जाते है।आल्हा ऊदल के समय बीर मलखान लेकर रणभूमी में सफलता मिलती थी इसलिये उनका नाम रण कौशला देवी के नाम से जाना गया।माँ रेहकोला देवी के चरणों में आने बाला सच्चा भक्त कभी खाली हाथ नही लौटता।

## राष्ट्रीय आंचलिक साहित्य संस्थान के महाराष्ट्र इकाई का भव्य उद्घाटन

**निक्की शर्मा रश्मि मुम्बई**

भारत की साहित्यिक राष्ट्रीय संस्था राष्ट्रीय आंचलिक साहित्य संस्थान का महाराष्ट्र इकाई का उद्घाटन समारोह में संस्था के सभी सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित हुए जिसमें महाराष्ट्र की अध्यक्ष निक्की शर्मा रश्मि के द्वारा पूरी व्यवस्था की गई तथा उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक नवलपाल प्रभाकर दिनकर% के कर कमलों द्वारा हुआ। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव रूपेश कुमार के अथक प्रयास से यह सभंव हुआ। मुख्य अतिथि नेपाल से डॉ श्वेता दिप्ती जी ने शुभकामनाएं दी एवं अपनी रचना से सभी का मन मोह लिया। संस्था के सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे।महाराष्ट्र इकाई में




निक्की शर्मा रश्मि को अध्यक्ष पद के लिए वहीं शम्भू पंवार को उपाध्यक्ष का पदभार सौपा गया।मुम्बई के साहित्यकार एवं अभिनेता लोकनाथ तिवारी अनगढ़ जी को सलाहकार एवं समीक्षक का कार्यभार सौपा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से शुरु हुआ जिसे अमरेंद्र कुमार जी एवं विभा जी ने गाया।संचालन अनुजा एवं अंशुपाल ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवल प्रभाकर दिनकर, राष्ट्रीय महासचिव रूपेश कुमार के साथ संस्था के सभी गणमान्य साहित्यकार अनुजा मनु , प्रिया सिंह, अंशु पाल अमृता, डॉ विजय लक्ष्मी अनु , बबिता सिंह, रूपा वात्सायन, नीरू विष्णु नीरा, पूनम कुमारी भी उपस्थित रहकर शुभकामनाएं दी और सुंदर काव्यपाठ से समां बांधा।

## चार आदतन अपराधी को किया 03 माह के लिए जिला बदर

**भिण्ड।** जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के प्रस्ताव पर चार आदतन अपराधियों को 03 माह के लिए जिला बदर किया है। आदतन अपराधी पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपी रामस्वरूप् उर्फ गधा पुत्र हरके कुशवाह निवासी रूरई थाना आलमपुर जिला भिण्ड, पप्पन उर्फ दलवीर सिंह यादव पुत्र रामस्वरूप सिंह यादव निवासी लुहारपुरा मौ थाना मौ जिला भिण्ड, पवन शर्मा पुत्र भीकम प्रसाद शर्मा उम्र 46 साल निवासी निवसाई थाना रौन जिला भिण्ड एवं अतुल शर्मा पुत्र पवन शर्मा उम्र 19 साल निवासी निवसाई थाना रौन जिला भिण्ड की विभिन्न आपराधिक व असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उदेश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिला भिण्ड एवं उसके निकटतमी जिले ग्वालियर, मुरैना, दतिया की सीमा से 03 माह की अवधि के लिए बाहर चला जाए तथा बिना पूर्व स्वीकृति के उपरोक्त जिलो की सीमा में प्रवेश न करने के आदेश जारी किए है।

## दो आदतन अपराधियों को करानी होगी 01 माह प्रतिदिन

### संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के पास उपस्थिति दर्ज

**भिण्ड।** जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के प्रस्ताव पर चार आदतन अपराधियों पर विभिन्न थानों में अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 (1) क, ख, ग के अन्तर्गत यह कार्यवाही की है। जिसमें आरोपी बंटी उर्फ विवके पुत्र तुलसीराम दीक्षित उम्र 26 साल निवासी गिरवासा थाना असवार जिला भिण्ड एवं गंधर्व सिंह पुत्र प्रीतम सिंह तोमर निवासी सती बाजार गोहद थाना गोहद जिला भिण्ड की आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने इन आदतन अपराधियों को आदेशित किया है, कि वे आदेश पारित दिनांक से 01 माह की अवधि तक प्रतिदिन संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के पास उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेगा तथा दिनभर की गविधियों/क्रियाकलापो की जानकारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को देगा।



नवदुर्गा महोत्सव भारत में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें 9 दिन नौ देवियों के विभिन्न विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना की जाती है, साथ ही साथ विजयदशमी को बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। हर भारतीय त्योहार के साथ एक सिख छुपी होती है। उड़ान वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा उत्कृष्ट पंडाल सम्मान समारोह फूल बाग स्थित मानस भवन पर कराया गया। जिसमें शहर भर के 9 उत्कृष्ट पंडालों का सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री राजेश ऐरन जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष सीता पाणीग्राही ने किया। इसमें मुख्य रूप से रामरूप शर्मा हर्षिता गुर्जर चंचल गुप्ता बबीता गुप्ता गीतांजलि राजपूत साक्षी रावत प्रिया बावरा नेहा पारीक कंचन शर्मा हैरी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**ये हुए सम्मानित**-बंगाली सोशल एंड कल्चरल एसोसिएशन (मानस भवन फूलबाग)

नवदुर्गा महोत्सव समिति ,खुर्जेवाला मोहल्ला दौलतगंज, एकता शक्ति भक्त मंडल,राय सिंह का बाग, नवरात्रि दुर्गा मंडल, माधौगंज, नवयुवक मंडल ,कंपू सांस्कृतिक दर्पण यूथ क्लब दर्पण कॉलोनी थाटीपुर, नव दुर्गा उत्सव समिति, मुरार, जय दुर्गा नवयुवक मंडल, लाला का बाजार लश्कर, वीरेन परिवार पंडाल, माधौगंज।



**जय जय श्री राम**

दिनांक 23 अक्टूबर दिन शुक्रवार जिला भिंड तहसील गोहद में दुर्गा अष्टमी नवमी को राष्ट्रीय महिला परिषद एवं ओजस्विनी की बहनों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं दुर्गा चालीसा पाठ किया गया प्रांतीय सह संगठन मंत्री महेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं एचपी तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा राष्ट्रीय बजरंग दल के बबलू बंजारा गुलाब बंजारा आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

**जय जय श्री राम**

**तहसील गोहद जिला भिंड मध्य भारत प्रांत**

## चुनाव के दौरान मीडिया कव्हरेज के लिये निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश विधानसभा उपचुनाव -2020

**भिण्ड।** भारत निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश की 28 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव 2020 के दौरान जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के तहत मीडिया कव्हरेज के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आयोग ने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया के निर्धारित समय के समाप्ति के 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान टी.व्ही. तथा अन्य यंत्रों पर चुनाव संबंधी किसी भी विषय के प्रसारण आदि को प्रतिबंधित किया है। इसकी अवहेलना करने पर दो साल की जेल या जुर्माना या दोनों दिये जा सकेंगे।

आयोग को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान टी.व्ही. चैनलों द्वारा प्रसारित किये जाने वाले पैनल परिचर्चाओं/वाद-विवाद तथा अन्य समाचारों और ताजा स्थिति पर आधारित कार्यक्रमों में अधिनियम के प्रावधानों की अवहेलना की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। निर्वाचन आयोग ने पहले भी स्पष्ट किया है कि चुनाव संबंधी किसी भी विषय को चुनावी क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया के निर्धारित समय की समाप्ति से 48 घंटे की अवधि के दौरान टी.व्ही. आदि पर प्रदर्शन प्रतिबंधित है। आयोग ने इस बात को पुनरू दोहराया है कि टी.व्ही/रेडियो चैनल एवं केबल नेटवर्क 48 घंटे की अवधि के दौरान परिचर्चाओं में शामिल पैनलिस्ट/भागीदारों के विचारों सहित ऐसी कोई बात प्रसारित नहीं करेंगे, जिससे यह आभास हो कि किसी राजनैतिक दल या उम्मीदवार की जीत की संभावना को प्रोत्साहित/पूर्वाग्रहित अथवा निर्वाचन को प्रभावित किया जा रहा है। आयोग ने सभी प्रचार माध्यमों का ध्यान प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा जारी निर्देशों की ओर दिलाया है, जिसके अनुसार प्रेस का दायित्व होगा कि वह निर्वाचन एवं उम्मीदवारों से संबंधित वस्तुपरक जानकारियाँ दें। निर्वाचन प्रावधानों के अंतर्गत साम्प्रदायिक अथवा जाति आधारित चुनाव अभियान प्रतिबंधित है। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने निर्देश दिये हैं कि प्रेस को ऐसे समाचार प्रसारित करने से बचना चाहिए, जिनसे लोगों के मध्य धर्म, जाति, नस्ल, सम्प्रदाय या भाषा को लेकर वैमनस्यता उत्पन्न हो। प्रेस काउंसिल के अनुसार प्रेस को असभ्य समाचार अथवा आलोचनात्मक बयान प्रकाशित करने से बचना चाहिए, जिनसे किसी उम्मीदवार के व्यक्तित्व व आचरण या उम्मीदवारी अथवा नाम वापसी को लेकर उसके निर्वाचन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो। प्रेस को उम्मीदवार/राजनैतिक दल के विरूद्ध असत्यापित समाचार प्रकाशित नहीं करना चाहिए। प्रेस को किसी उम्मीदवार/राजनैतिक दल की छवि निर्माण के लिये किसी प्रकार का आर्थिक या अन्य प्रलोभन स्वीकार नहीं करना चाहिए। उसे किसी उम्मीदवार/राजनैतिक दल अथवा उनकी ओर से किसी अन्य द्वारा लिया गया आतिथ्य या अन्य सुविधाएँ स्वीकार नहीं करना चाहिए। समाचार पत्रों से यह आशा नहीं की जाती है कि वे किसी विशेष उम्मीदवार/राजनैतिक दल के प्रति समर्थन जुटाने में लिप्त होंगे। प्रेस को किसी राजनैतिक दल/सत्ताधारी दल के बारे में कोई ऐसा विज्ञापन स्वीकार/प्रकाशित नहीं करना चाहिए, जिससे उसकी अदायगी सरकारी खजाने से हो। प्रेस को निर्वाचन आयोग/रिटर्निंग ऑफिसर या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों/आदेशों का पालन करना चाहिए।

## तीन आदतन अपराधी को किया 01 माह के लिए जिला बदर

भिण्ड। जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के प्रस्ताव पर तीन आदतन अपराधियों को 01 माह के लिए जिला बदर किया है। आदतन अपराधी पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपी सतेन्द्र सिंह भदौरिया पुत्र नरोत्तम सिंह भदौरिया उम्र 32 साल निवासी बिछौली थाना पावई जिला भिण्ड, प्रदीप उर्फ कुलदीप उर्फ कालिया पुत्र शिवनारायण शर्मा उम्र 30 साल निवासी ग्राम चैरई थाना असवार जिला भिण्ड एवं गुल्टा उर्फ गुरूदयाल पुत्र जगराम जाटव उम्र 36 साल निवासी बिरखडी थाना रौन जिला भिण्ड की विभिन्न आपराधिक व असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उदेश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में जिला दण्डाधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिला भिण्ड एवं उसके निकटतमी जिले ग्वालियर, मुरैना, दतिया की सीमा से 01 माह की अवधि के लिए बाहर चला जाए तथा बिना पूर्व स्वीकृति के उपरोक्त जिलो की सीमा में प्रवेश न करने के आदेश जारी किए है।

## अवकाश दिनों में भी बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

भिण्ड। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 25 अक्टूबर (रविवार), 26 अक्टूबर (दशहरा सार्वजनिक अवकाश), 30 अक्टूबर (मिलाद-उन-नवी) एवं 31 अक्टूबर (महर्षि वाल्मीकी जयंती) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त छुट्टी के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में कैश काउंटरों पर बिल भुगतान और भोपाल शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित ए.टी.पी. मशीन में भी बिल भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा बिलों के भुगतान की सुविधा एम.पी. ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल चवतजंस.उचब्र.पद (नेटबैकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 दिसम्बर को

भिण्ड। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिण्ड श्री गजेन्द्र सिंह द्वारा 12 दिसम्बर, 2020 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में बैठक आयोजित कर जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण को लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरण निराकृत किये जाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही मामलों में लोक अदालत के माध्यम से सुलह समझौते के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये तथा इसके अतिरिक्त तहसील लहार, गोहद एवं मेहगांव के न्यायाधीशगण से वीड़ियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण किये जाने के संबंध में उन्हें निर्देशित किया गया। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 दिसम्बर 2020 को सम्पूर्ण देश नेशनल लोक अदालत का आयोजन ऑफलाईन/ऑनलाईन के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें पक्षकार चैक वाउन्स, मोटर-दुर्घटना दावा अधिनियम, श्रम कानून, विद्युत, वैवाहिक आदि विवादों का निराकरण राजीनामा के आधार पर किया जा सकेगा।

### जीतू पटवार बोले- कमलनाथ की होती है टाटा-अंबानी से बात

# उनके पैरों की धूल के बराबर भी नहीं शिवराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 28 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने जा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस और बीजेपी के बीच सियासी बयानबाजी तेज हैं। इस उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी लगातार सेल्फ गोल करती जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और बीजेपी नेता इमरती देवी को लेकर दिए गए बयान का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बीजेपी को एक और मौका दे दिया है।

एक रैली में जीतू पटवारी ने कहा, ये अनिल, मुकेश अंबानी, रतन टाटा... ये बड़े-बड़े उद्योगपतियों के नाम आप सुनते हैं। इनको तो यूं फोन लगाते हैं। ऐसा व्यक्तित्व है कमलनाथ जी का। शिवराज सिंह चौहान तो उनके पैरों की धूल के बराबर भी नहीं है।

आपको बता दें कि मध्य प्रदेश के डबरा में कांग्रेस उम्मीदवार सुरेंद्र राजेश के लिए प्रचार करने पहुंचे कमलनाथ ने बीजेपी उम्मीदवार इमरती देवी को आइटम बता डाला। कमलनाथ ने कहा, सुरेश राजेश जी हमारे उम्मीदवार हैं, सरल स्वभाव के सीधे-साधे हैं। ये तो करेंगे, ये उसके जैसे नहीं हैं, क्या है उसका नाम.... ( लोग चिल्लाते हैं- इमरती देवी), मैं क्या उसका नाम लूं, आप तो उसको मेरे से ज्यादा पहचानते हैं। आपको तो पहले ही मुझे सावधान कर देना चाहिए था, ये क्या आइटम है...ये क्या आइटम है (हंसते हुए)।



**कांग्रेस नेता ने शिवराज को कहा था- भूखा-नंगा-** इससे पहले मध्यप्रदेश में कांग्रेस नेता दिनेश गुर्जर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए विवादित बयान दिया था। उन्होंने एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को भारत का दूसरा सबसे बड़ा उद्योगपति बताया तो शिवराज सिंह चौहान को भूखे नंगे परिवार का बता डाला। हालांकि, शिवराज सिंह चौहान ने इसे अपने लिए हथियार बना लिया और कहा कि वह नंगे-भूखे परिवार से हैं इसलिए गरीबों का दुख दर्द समझते हैं। दिनेश गुर्जर ने उपचुनाव को लेकर एक चुनावी सभा में कहा, कमलनाथ जी हिन्दुस्तान के दूसरे नंबर के उद्योगपति हैं। शिवराज सिंह की तरह नंगे-भूखे घर के नहीं हैं। शिव राज सिंह चौहान के पास पांच एकड़ की जमीन हुआ करती थी, आज हजारों एकड़ जमीन के मालिक हो गए, क्योंकि किशानों का खून पीने का काम उन्होंने किया।शिवराज सिंह चौहान ने दिनेश गुर्जर पर पलटवार करते हुए कहा, हां, मैं नंगे-भूखे परिवार से हूं, इसलिए उनका दुख-दर्द समझता हूं। हां, मैं गरीब हूं इसलिए गरीब बेटे-बेटियों का मामा बन पढ़ाता हूं। गरीब हूं इसलिए गरीब मां-बाप का कन्यादान करता हूं। गरीब हूं इसलिए गरीब का दर्द समझता हूं... प्रदेश को समझता हूं।



## मप्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 1004 नए मामले 20 लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1004 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित पाए गए लोगों की कुल संख्या 1,66,298 तक पहुंच गई। राज्य में पिछले 24 घंटों में इस महामारी से 20 और मरीजों की मौत की पुष्टि हुई है जिससे मरने वालों की संख्या 2,875 हो गई है। मध्य प्रदेश के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से इन्दौर में छह, भोपाल में तीन, ग्वालियर में दो तथा जबलपुर, धार, रतलाम, विदिशा, दमोह, खंडवा, रायसेन, हरदा, एवं शाजापुर में एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया, राज्य में अब तक कोरोना वायरस से सबसे अधिक 674 मौत इंदौर में हुई हैं, जबकि भोपाल में 466, उज्जैन में 97, सागर में 120, जबलपुर में 198 एवं ग्वालियर में 158 लोगों की मौत हुई हैं। बाकी मौत अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में शनिवार को कोविड-19 के 271 नए मामले इंदौर जिले में आए हैं, जबकि भोपाल में 191, जबलपुर में 61 एवं ग्वालियर में 53 नए मामले आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 1,66,298 संक्रमितों में से अब तक 1,51,946 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गये हैं और 11,477 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार को 1,268 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



## चार हाथ और चार पैर वाले बच्चे का डॉक्टर ने किया सफल ऑपरेशन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम ने 4 पैर और 4 हाथ वाले बच्चे का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। इंदौर के सरकारी अस्पताल महाराजा यशवंत राव में पैडियाट्रिक डिपार्टमेंट के हेड डॉक्टर के.के. अरोड़ा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। अस्पताल के पैडियाट्रिक डिपार्टमेंट के एक डॉक्टर ब्रजेश लाहोटी ने कहा, इस बच्चे को 12 अक्टूबर को झबुआ जिले से इस अस्पताल में लाया गया था। जांच के बाद हमने ऑपरेशन करने का फैसला किया था। 16 अक्टूबर को हमने उसे ऑपरेशन थिएटर में भर्ती किया। एचओडी के.के. अरोड़ा के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने सावधानीपूर्वक इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। यह ऑपरेशन सफल रहा। हमने उसे अगले कुछ दिनों के लिए आईसूयू में रखा है और वह बिल्कुल ठीक है। डॉक्टर लाहोटी ने कहा कि ऐसे मामले 10 से 20 लाख बच्चों में से किसी एक में देखने को मिलता है।

## मिशन शक्ति के तहत प्रथम चरण का जनेश्वर मिश्र सभागार में हुआ समापन





एटा। मिशन शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण, नारी सम्मान अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से विगत 17 अक्टूबर से शुरू हुए प्रथम चरण का रविवार को जिला पंचायत स्थित जनेश्वर मिश्र सभागार में एक भव्य आयोजन के साथ समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप अलीगंज विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन आदि ने प्रतिभाग करते हुए मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके, माल्यार्पण करके समापन समारोह का शुभारंभ किया गया। सभी आगन्तुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम के दौरान स्वागत एवं सम्मान किया गया। कस्तूरगा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। डीएम सुखलाल भारती ने समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नारी के बिना विश्व की कल्पना नहीं की जा सकती है। बालिकाओं, महिलाओं के प्रति सरकार काफी गंभीर है, नारी को सम्मान दिलाने, आत्म निर्भर बनाने हेतु बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमसभी को चाहिए कि बेटियों का समान अवसर दें, नारी शक्ति की गरिमा को बनाए रखा जाए। प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 6 माह तक मिशन शक्ति अभियान विभिन्न चरणों में चलाया जाएगा। एसएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जनपद की महिलाओं को शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न प्रकार के हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी जाए, जिससे कि समय से इन नम्बरों का प्रयोग कर सकें। जनपद के सभी थानों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की जा चुकी है, महिलाएं एवं बालिकाएं थाने पर स्थापित हेल्पडेस्क के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कहा कि मिशन शक्त के तहत नारी को स्वावलंबी बनाने, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा अभियान के रूप में शुरूआत की गई है। प्रदेश सरकार क्षेत्र की महिलाओं की सुरक्षा हेतु समय-समय पर बेहतर कदम उठा रही है। थानों पर हेल्पडेस्क के माध्यम से अब सुनवाई में सहायता होगी। बेटियां सदैव परिवार का ख्याल रखती हैं, उनके सम्मान हेतु बेहतर प्रयास किए जाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि शासन एवं प्रशासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु बेहतर कदम हैं। मिशन शक्ति के माध्यम से क्षेत्रीय जनसामान्य को अधिक से अधिक से जागरूक किया जाए। सीडीओ मदन वर्मा ने कार्यक्रम के अंत में सभी आगन्तुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रॉल मॉडल के रूप में चिन्हित की गई महिलाओं, बालिकाओं को सम्मानित किया गया। मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक, गीत, जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शेर सिंह शाक्य ने किया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, डीडीओ एसएन सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर अबुल कलाम, जिला विद्यालय निरीक्षक मिथलेश कुमार, डीपीआरओ आलोक कुमार प्रियदर्शी, क्षेत्राधिकारी राज कुमार सिंह, डीएचओ एनएस भट्ट, डीपीओ संजय सिंह, सीडीपीओ एसपी पाण्डेय, सीडीपीओ राजीव कुमार, महिला थानाध्यक्ष कंचन कटियार सहित भारी संख्या में नारी शक्ति आदि मौजूद रहे।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए घाघरा पर पुल का निर्माण शुरू

**लखनऊ।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए घाघरा नदी पर विशाल पुल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। घाघरा नदी पर इस पुल का निर्माण काफी मुश्किल काम मान जाता है। इस पुल के बनने के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। यूपीडा के मुताबिक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के तेज निर्माण के लिए वर्तमान मे लगभग 1750 श्रमिक, 370 तकनीकी स्टाफ एवं 720 मशीनरी कार्यरत हैं। एक्सप्रेसवे का निर्माण दो पैकेजों में कराया जा रहा है। दोनो पैकेजों में कुल 34 लाख घन मी0 मिट्टी का कार्य पूरा हो चुका है। पैकेज पैकेज 1 के निर्माणकर्ता एप्को लि0 इस साल दस फरवरी से काम कर रहा है जबकि पैकेज दो के निर्माणकर्ता दिलीप बिल्डकान 19 जून से काम कर रहे हैं। इस परियोजना के लिए कुल 1094.65 हेक्टेयर जमीन चाहिए। इसमें से 994.68 हेक्टेयर जमीन (90.87 प्रतिशत ) क्रय/अधिग्रहीत की जा चुकी है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे प्रवेश नियंत्रित परियोजना ( ग्रीन फील्ड) परियोजना गोरखपुर में गोरखपुर बाईपास एन0एच0 27 ग्राम-जैतपुर के पास से शुरू हो रही है। जबकि यह आजमगढ़ में ग्राम सालरपुर के पास खत्म होगा। 91.352 किमी0 का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे यहीं पर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा। इस परियोजना से गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ के लोग सीधे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के जरिए लखनऊ व उसके आगे आगरा होते हुए नोएडा व दिल्ली जा सकेंगे। यह एक्सप्रेसवे 04 लेन चैडा (06 लेन में विस्तारणीय) होगा तथा संरचनाएं 06 लेन चैड़ाई का बनायी जायेंगी।

### मकान बनवाने की प्लानिंग कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर

## दीपावली बाद गिर सकते हैं बिल्डिंग मैटेरियल के दाम

**लखनऊ।** दीपावली बाद राज्य में गिट्टी, मौरंग व बालू के दाम गिर सकते हैं। 1250 खदानों में खनन शुरू कराने के लिए टेंडर, एलओआई तथा एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। इन खदानों के शुरू हो जाने पर बाजार में उप खनिजों की पर्याप्त उपलब्धता होगी। प्रतियोगिता बढ़ने का लाभ खरीदारों को मिलेगा। साथ ही पड़ोसी राज्यों मध्य प्रदेश और बिहार से उप खनिजों की आवक घटेगी। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने पूरी योजना बनाकर राज्य में अधिक से अधिक खदानों में खनन शुरू कराने की दिशा में काम शुरू किया है। खनन से संबंधित समस्त प्रक्रिया इसके लिए ऑनलाइन कर दी गई हैं। खनन पट्टे से लेकर भंडारण और परिवहन तक विभाग हर काम पर ऑनलाइन नजर रखे हुए है। विभाग की सचिव डा. रौशन जैकब ने अवैध खनन को रोकने और वैध खनन बढ़ाने की दिशा में काम करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे रखा है। उप खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अंतरराज्यीय गेटवे तथा उप खनिज



परिवहन वाले प्रमुख मार्गों पर इलेक्ट्रानिक डिवाइस भी लगाया जा रहा है।

**मौरंग-बालू के लिए 490 खनन पट्टा देने की कार्यवाही शुरू-** विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य में इस समय बालू-मौरंग के कुल 225 खदान चल रहे हैं। 490 खदानों को चालू कराने के लिए पट्टा आवंटन की कार्यवाही चल रही है। 400 खदानों के लिए एलओआई (सहमति पत्र) की कार्यवाही की जा चुकी है। 90 खदानों के लिए पर्यावरण व अन्य विभागों से अनापत्ति लिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। 28 खदानों के लिए पट्टा आवंटित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। इन सभी खदानों को चालू करने की प्रक्रिया बहुत जल्द पूरी करने की कोशिशें की जा रही हैं।

**गिट्टी के 760 खदानों की टेंडर प्रक्रिया शुरू-** इसी प्रकार राज्य में इस समय गिट्टी की कुल 167 खदानें चल रही हैं। 760 खदानों को चालू करने के लिए भूतत्व एवं खनन विभाग ने टेंडर निकाल दिया है। इसमें से 460 के लिए सहमति पत्र की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। 130 खदानों के लिए पर्यावरण विभाग से अनापत्ति लिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। 35 खदानों के लिए पट्टा आवंटित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

## प्राचीन देवी स्थल यमुना किनारा निकट बाबा वीर बुलाकी मंदिर पर माता कालका की 12 फीट की मूर्ति का अनावरण बाबा वीर बुलाकी के भक्त प्रवीण चैटर्ली दिल्ली द्वारा लगाई गई

**राहुल कुमार**



प्राचीन देवी स्थल यमुना किनारा निकट बाबा वीर बुलाकी मंदिर पर माता कालका की 12 फीट की मूर्ति का अनावरण बाबा वीर बुलाकी के भक्त प्रवीण चैटर्ली दिल्ली द्वारा लगाई गई। अधूरे देवस्थल की स्थापना आज माता कालका की मूर्ति लगकर बाबा वीर बुलाकी देवस्थल पूरा हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री फूलेश्वर गिर्ज एवं धार्मिक आस्थावान भक्तों जनों ने शासन प्रशासन से मांग की देव स्थल पर बरसों से कहीं प्रांत प्रदेशों से भक्तजन आते हैं।यह बाल्मीकि समाज के अलावा अन्य समाजों का भी हिंदू समाज की आस्था जुड़ा हुआ प्राचीन देव स्थल है । देव स्थल पर भयानक गंदगी को बरसों से भक्तजन देखते आ रहे हैं ।ना ही देवस्थल की पक्की बोंडी वॉल है ना ही निर्माण कार्य है जबकि हर शनिवार को बाबा वीर बुलाकी देव स्थल पर हजारों की संख्या में धार्मिक आस्थावान अपनी आस्था को लेकर आते हैं यह देवस्थल सदियों पुराना प्राचीन देवस्थल है इस ओर आज तक शासन प्रशासन ने ध्यान नहीं किया है। अब देखना यह है की यह देवस्थल ऐसे ही गंदगी में बना रहेगा और हिंदू समाज के धर्म प्रेमी अपनी आस्था को निरंतर बाबा के दरबार में लेकर आते रहेंगे क्या सरकार एवं धर्म प्रेमी इस देवस्थल को सुंदर बनाने में अपना योगदान निभाएंगे या नहीं। ट्रस्ट के लोगों ने एवं भक्तजनों ने बाउंड्री वॉल गंदगी साफ सफाई एवं मंदिर के भव्य निर्माण की सरकार से मांग की। मौके पर उपस्थित अनिल कुमार गिर्ज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासंघ के महानगर अध्यक्ष अर्जुन गिर्ज उपस्थित रहे देवस्थल की समस्याओं से अवगत कराया।

### हाथरस केसः अभी लिफाफे में ही बंद है राहुल गांधी का दिया चेक

# पीड़ित परिवार ने नहीं जमा किया बैंक में

**हाथरस।** हाथरस में कथित गैंगरेप के पीड़ित परिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आर्थिक मदद के लिए जो चेक दिया था, वह अभी तक लिफाफे में बंद है। उसे खाते में जमा नहीं कराया गया है। पीड़ित परिवार ने इस बारे में जानकारी मीडिया को दी ।

चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव बूलगढ़ी में पीड़ित परिवार से मिलने बीती चार अक्तूबर को कांग्रेस नेता राहुल व उनकी बहन प्रियंका गांधी आए थे। उनके साथ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी थे। इस दौरान करीब 50 मिनट दोनों नेताओं ने बंद कमरे में परिवारवालों से बात की थी। राहुल व प्रियंका ने जमीन पर बैठकर परिवार से दर्द साझा किया था। राहुल गांधी ने पीड़िता की फोटो भी देखने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर पीड़िता के भाई ने मोबाइल फोन में बहन की तस्वीर दिखाई थी। राहुल गांधी के हाथ में एक सफेद रंग का लिफाफा लगा हुआ था। कुछ देर बाद उन्होंने पीड़िता के पिता को यह लिफाफा दे दिया था। राहुल प्रियंका ने इस लिफाफे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी। उनके जाने के बाद पीड़िता के भाई ने सिर्फ लिफाफे की जानकारी दी थी। कुछ देर बाद परिवार की ओर से बताया गया कि लिफाफे में कांग्रेस की ओर से चेक दिया गया है। हालांकि उस समय भी परिवार ने धनराशि की जानकारी नहीं दी। अब भी परिवार धनराशि के बारे में नहीं बता रहा। हालांकि उस समय प्रमुख कांग्रेस नेताओं का कहना था कि दस लाख रुपये का चेक दिया गया है। शनिवार को पीड़ित परिवार ने बताया कि चेक अभी उसी लिफाफे में बंद है। बैंक खाते में जमा नहीं किया है। पीड़िता के भाई ने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों के जनधन खाते हैं। यदि कांग्रेस के चेक को खाते में जमा करते हैं तो इतनी बड़ी रकम निकालेंगे कैसे। यही विचार करते हुए परिवार एक और बैंक खाता खुलवाने का विचार कर रहा है।



### कांग्रेस के एससीएसटी विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने की मुलाकात

कांग्रेस के एससीएसटी विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामय्या वाल्मीकि शनिवार को बूलगढ़ी पहुंचे। यहां पीड़ित परिवार से उन्होंने मुलाकात की। पीड़ित परिवार के साथ कांग्रेस के होने का भरोसा दिया कर्नाटक से यहां आए रामय्या ने घटना के बारे में जानकारी हासिल की। उन्हें परिजनों ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल व प्रियंका गांधी भी घर आ चुके हैं। रामय्या वाल्मीकि ने अभी तक यूपी सरकार, पुलिस, सीबीआई, एसआईटी आदि की कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली। पीड़िता के पिता ने एक बार फिर दोहराया कि उनकी बेटी के शव को रात में प्रशासन ने जलवा दिया। रामय्या वाल्मीकि के साथ कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जितेन्द्र गौतम एडवोकेट, अलीगढ़ के युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित उपाध्याय, अलीगढ़ की महिला कांग्रेस नेत्री अनीता करौतिया, अलीगढ़ के शहर कांग्रेस के सचिव दिलीप शेखर भी थे।

# जंक फूड से बच्चों में बढ़ रहा मोटापा



**कुछ वर्षों से भारत में भी बच्चों में मोटापा एवं अन्य बीमारियां तेजी से बढ़ता ही जा रही हैं। ये सारी बीमारियां मूल रूप से खानपान की आदतों एवं मोटापे के कारण पनप रही हैं। कुछ बीमारियां बच्चे मां-बाप से गर्भ में ही उपहार स्वरूप प्राप्त कर रहे हैं। गौर से विचार किया जाये तो इस प्रकार के रोगों के लिए जिम्मेदार है सही खानपान का न होना। अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को उनकी मनपसंद टॉफी, कोल्ड ड्रिंक, आइसप्रीम आदि खाने को दे रहे हैं। यह एक ऐसा उपाय है जिससे वे बच्चों पर अपना प्यार इजहार करना चाहते हैं या फिर उनसे अपना मनमाफिक काम करवाने का तरीका है।**

यदि बच्चा होमवर्क नहीं कर रहा हो या फिर खेलने की जिद् कर रहा हो तो इस प्रकार के जंक फूड की सहायता लेने में मां-बाप तनिक भी नहीं हिचकते। वहीं अब जंक फूड से होने वाली बीमारियां गंभीर रूप धारण करने लगी हैं तो इनके विज्ञापनों पर रोक लगाने की मांग बढने लगी है। अधिकांश बच्चे टी.वी. और कम्प्यूटर से जुड़े हैं। वे न तो खेल के मैदान में जाते हैं, न ही किसी प्रकार का व्यायाम करते हैं। पढ़ाई और टी.वी. यानी चारदीवारी के अंदर कैद बच्चे। तो फिर विज्ञापन इन बच्चों को केंद्रित कर ही क्यों न बनाया जाये, यह मानसिकता है विज्ञापनदाताओं की।

वास्तविकता तो यह है कि बच्चों की मुहर किसी भी सामग्री को घर के अंदर प्रवेश दिला सकती है, खासकर घरेलू व दैनिक उपयोग का सामान। बच्चे तो कोरा कागज हैं, उन्हें हानि-लाभ का क्या पता? जिद कर बैठते हैं कि हमें इस ब्रांड की अमुक टॉफी, कोल्ड ड्रिंक वगैरह चाहिए और अभिभावक बिना कुछ सोचे-समझे उनकी मांग पूर्ति कर देते हैं।

लेकिन अब हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। विदेशों में जंक फूड को लेकर बहसबाजी छिड़ गयी है। इनके विज्ञापनों पर रोक लगाने की पुरजोर मांग की जा रही है। जन-जागरूकता अभियान के तहत इनके अवगुण बताये-समझाए जा रहे हैं। आज पश्चिमी देशों का अंधानुकरण करने का हमारे देश में प्रचलन काफी बढ़ गया है। जरूरत है जंक फूड त्यागने की। खेलना कूदना, सुबह स्वच्छ वायु में टहलना, व्यायाम आदि को बच्चों की दिनचर्या में शामिल करना होगा। जन-जागरूकता अभियान चलाकर हर बच्चे को जंक फूड से होने वाले नफा-नुकसान के प्रति जागरुक करना चाहिए।

# बच्चों की हैंडराइटिंग इस प्रकार होगी अच्छी



कंप्यूटर को इस्तेमाल करने की आदत के कारण अब बच्चों को इस पर लिखना आसान लगने लगा है, जिस कारण न केवल उनकी लिखने में दिलचस्पी कम हो रही है बल्कि उनकी हैंडराइटिंग (लिखावट) भी बिगड़ती जा रही है। अगर आपका बच्चा भी इनमें से एक है तो कुछ टिप्स लेकर आप अपने बच्चे की हैंडराइटिंग को सुधार सकते हैं। आमतौर पर बच्चे हैंडराइटिंग की तरफ ध्यान नही देते। उन्हें लगता है कि पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हैंडराइटिंग का सुंदर होना उतना जरूरी नही है बल्कि सबकुछ ठीक लिखा होना चाहिए जबकि खराब हैंडराइटिंग होने की वजह से जवाब सही होने पर भी अंक कम आते हैं क्योंकि अगर टीचर्स को कुछ समझ ही नही आएगा तो वह नंबर कैसे देंगे।

## स्टडी टेबल की ऊंचाई हो सही

बच्चे की स्टडी टेबल की ऊचांई बिल्कुल सही होनी चाहिए। टेबल इतना ऊंचा होना चाहिए, जिस पर बच्चा आराम से कोहनियां टिका कर लिख सके। साथ ही कुर्सी भी ऐसी होनी चाहिए, जिस पर बैठने पर बच्चे के पैर आसानी से जमीन तक पहुंच सकें।

## पैंसिल पकड़ने का तरीका

बच्चे को पैंसिल पकड़ने का सही तरीका बताएं। गलत तरीके से पैंसिल पकड़ने से लिखने में कठिनाई होती है और लिखावट भी बिगड़ जाती है। बच्चे को अंगूठे और दूसरी उंगली के बीच में पैंसिल रखकर उसके ऊपरी भाग को कपड़कर लिखना सिखाएं। इस तरह पैंसिल पकड़ने से बच्चे को लिखने में आसानी होगी।

## राइटिंग प्रोजैक्ट्स

बच्चों को राइटिंग प्रोजैक्ट्स देकर भी हैंडराइटिंग सुधारने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। आप उसे दोस्त को लैटर लिखने के लिए कह सकती हैं। उसे फैंसी कविता लिखने को कहें। इसके अलावा उन्हें अलग-अलग कार्ड बनाने को कहें। इससे भी उनकी खराब राइटिंग में सुधार होगा। यदि आप बच्चे को अलग-अलग राइटिंग स्टाइल सिखाना चाहती हैं तो उसके सामने राटिंग स्टाइल का मॉडल रख दें। इसके लिए नोटबुक के हर पन्ने पर एक-एक अल्फाबेट लिखकर बच्चे को बताएं कि उसे कैसे लिखा जाता है। फिर उसे अभ्यास करने को कहें।

## अन्य तरीके

बच्चों को बिना गलती किए लिखने के लिए कहें। इस बात का ध्यान रखें कि वह ओवरराइट न करें। यदि कुछ गलत हो गया है तो उसे सिंगल लाइन से क्रॉस करें। सभी अल्फाबैट (अक्षर) एक ही लाइट में लिखवाएं। इससे राइटिंग में सुधार होगा। सभी लैटर एक जैसे लिखने को कहें। इस बात का भी ध्यान रखें कि कुछ लैटर सीधे और कुछ झुके हुए न हों। शब्दों के बीच कितनी जगह छोड़नी है, इसका भी ध्यान रखें।

## अंदर छुपे रावण को भगाना होगा



नवरात्रों में माता के नौ रूपों
को ध्याने के बाद
दसवां विजयदशमी का शुभ
दिन आता है
इसी दिन दुर्गा माता ने महिषासुर
का वध किया था
यह धर्मशास्त्र हमें बताता है
रावण ने सीता का हरण किया
था
श्रीराम और रावण में युद्ध हुआ था भारी
रावण का विजयदशमी के दिन ही वध करके
असत्य पर सत्य की जीत सुनिश्चित थी कर डाली
कुछ लोग विजयदशमी को
शस्त्र पूजा का दिवस भी मनाते हैं
नया काम शुरू करते हैं
दुर्गा की पूजा करके पुण्य कमाते हैं
हर वर्ष हम रावण का पुतला तो जलाते हैं
फिर अपने अंदर रावण को क्यों पालते हैं
नारियों पर इतने अत्याचार करके
इस रावण को अपने जीवन में क्यों ढालते हैं
सतयुग में तो एक था रावण
कलियुग में हर रास्ते पर रावण विचरता है
हर रोज़ किसी न किसी अबला का
चीर हरण वह लज़्ज़ा भंग करता है
अंधकार का नाश एक छोटा दीपक करता है
हमें अपनी सही सोच का दीपक जलाना होगा
अपने अंदर छुपे हुए रावण को
बाहर निकाल दूर भगाना होगा

**रवींद्र कुमार शर्मा**
**घुमारवीं, जिला बिलासपर हि प्र**

## नारी का सम्मान ही, पौरूषता की आन



नारी की अवहेलना, नारी का अपमान।
माँ-बेटी-पत्नी-बहन, नारी रूप हजार,
नारी से रिश्ते सजे, नारी से परिवार।
नारी बीज उगात है, नारी धरती रूप,
नारी जग सृजित करे, धर-धर रूप अनूप।
नारी जीवन से भरी, नारी वृक्ष समान,
जीवन का पालन करे, नारी है भगवान।
नारी में जो निहित है, नारी शुद्ध विवेक,
नारी मन निर्मल करे, हर लेती अविवेक।
पिया संग अनुगामिनी, ले हाथों में हाथ,
सात जनम की कसम, ले सदा निभाती साथ।
हर युग में नारी बनी, बलिदानों की आन,
खुद को अर्पित कर दिया, कर सबका उत्थान।
नारी परिवर्तन करे, करती पशुता दूर,
जीवन को सुरभित करे, प्रेम करे भरपूर।
प्रेम लुटा तन-मन दिया, करती है बलिदान,
ममता की वर्षा करे, नारी घर का मान।
मीरा, सची, सुलोचना, राधा, सीता नाम,
दुर्गा, काली, द्रौपदी, अनसुइया सुख धाम।
मर्यादा गहना बने, सजती नारी देह,
संस्कार को पहनकर, स्वर्णिम बनता गेह।
पिया संग है कामनी, मातुल सुत के साथ,
सास-ससुर को सेवती, रुके कभी न हाथ।

**सारिका जागृति की कलम से**
**सर्वाधिकार सुरक्षित**
**ग्वालियर (मध्य प्रदेश)**

## दर्द को सीने मे दबाया होगा



दिल के हर दर्द को सीने में दबाया होगा,
हजार कोशिशों के बाद भुलाया होगा।
हाल मेरा जो सुना होगा किसी से उसने,
फिर कई रोज कोई गीत न गाया होगा।
जल गए हैं कई यादों के दिए से दिल में,
शाम ढलते ही कोई याद तो आया होगा।
मुकर रहा है वो अपनी ही कही बातों से,
खौफ दिल में जरूर उसके समाया होगा।
उसका नमकीन बदन देख के ये लगता है,
सुबह उठते ही समंदर में नहाया होगा।
मेरी रुसवाइयों के डर से चुप रहा लेकिन,
दिल के हर दर्द को सीने में दबाया होगा।
ये भी हो सकता है छत पर न मुझे देखा तो,
चांद खिड़की से मेरे कमरे में आया होगा।
हवाएं उसके साथ साथ चली आती थी,
मेरी खिड़की केपास उसका ही साया होगा।

**अभिलाषा सिंह,वरिष्ठ शिक्षिका व कवयित्री**
**जनपद-प्रयागराज,उत्तर प्रदेश**

# बच्चों को बचत करना सिखाएं



### ऐसे दें सीख

*बच्चों में छोटी उम्र से ही बचत की सीख देनी शुरू कर देनी चाहिए। यह तरीका बच्चे की उम्र के हिसाब से बदलता रहता है। इससे वे पैसों की सही जरूरत समझना शुरू कर देगा।*

मां-बाप अपने बच्चे की हर जरूरत को पूरी करते हैं लेकिन कई बार पैसों की तंगी के चलते कुछ अभिभावक मजबूर हो जाते हैं और उनकी मांगे पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में बच्चे का रूठना लाजिमी होता है क्योंकि छोटी उम्र के बच्चे को पैसों की अहमियत का पता ही नहीं होता। वहीं अगर शुरू से ही उन्हें बचत के बारे में थोड़ी-थोडी जानकारी मिलती रहे तो भविष्य में मां-बाप और बच्चे दोनों को बहुत मदद मिलेगी।

यह काम थोड़ा- मुश्किल जरूर है लेकिन कुछ तरीके आपके काम आ सकते हैं। हर चीज खुद खरीदने की बजाय कभी-कभी बच्चे को भी जरूरत का सामान खरीदन की जिम्मेदारी सौंपे। इससे वे पैसों का महत्व समझने लगेगा और बार-बार एक ही तरह की चीज की मांग करना बंद कर देगा। बच्चे को उपहार में मिले पैसे खुद के पास रखने की बजाए उसे संभालने के लिए कहें। इससे उसे पता चलेगा कि बचत कैसे करनी है।

बच्चे के साथ कुछ मनी गेम्स खेलें जिसमें पैसे इस्तेमाल करने के तरीके और मूल्यों के बारे में जानकारी मिलती हो। बच्चे को उसके पैसों से कोई सामान खरीदने के कहें, इससे उसे पता चलेगा कि पैसे सिर्फ सही और जरूरत के सामान पर ही खर्च करने हैं। पैसों का इस्तेमाल अगर बच्चा सही तरीके से नहीं कर रहा को उसे मारे या टोके नहीं। बस आप उस पर नजर रखें और एक बार गलती होने पर बताये जिससे वह दोबारा कभी भी उसे नहीं दोहराएगा। इस बात का ध्यान रखें कि बचत का तरीका बच्चा अपने घर और अभिभावकों से ही सीखता है।

### उम्र के हिसाब से हो बचत

- बहुत छोटे बच्चे को पैसों के बारे में कोई खास जानकारी नहीं होती। उसे बस अपनी पसंद की चीजों के बारे में पता होता है। इसकी थोड़ी-बहुत जानकारी आप 5 साल के बाद देनी शुरू कर सकते हैं।
- छोटे बच्चों को सिक्के जमा करने का शौक होता है। इसी से पैसे जोड़ने की आदत डाली जा सकती है। उसे सिक्के पिगी बैंक में जमा करने के लिए बोलें। बच्चे को अपने साथ खरीरददारी के लिए जरूर ले जाएं, पूरे महीने की चीजें सीमित पैसों में ही खरीदने की जानकारी दें। बच्चे को पॉकेट मनी देते हैं तो उसे बताएं कि किस तरह पैसे जमा करके आप पसंदीदा सामान खरीद सकते हैं।
- पैसों की समझ के लिए किशोर उम्र भी छोटी होती है लेकिन बच्चे को फिजूल खर्च का नुकसान समझाया जा सकता है। उसे सेविंग से अकाउंट खोलने को कहें ताकि भविष्य में वे अपने जोड़े गए पैसों से कुछ खरीद पाए।
- 16 से 20 साल के बच्चे को पूरी तरह से समझ आनी शुरू हो जाती है। पारिवारिक बजट और खर्च करने में उनकी सलाह ली जा सकती है। उसे अकाउंट और एटीएम कार्ड इस्तेमाल करना बताएं। उसे बताएं कि वे पार्ट टाइम जॉब से कमाए पैसों से किताबों और कॉलेज की पढ़ाई का खर्च उठा सकते हैं।

**पर्यटन संसार**

# चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है ....जयकारों से गूंजता रहा नवरात्रि पर्व में मां वैष्णोदेवी दरबार

**धार्मिक पर्यटन में उत्साह रखने वालों के लिये यह साल निराशाजनक रहा है। पर्यटन का माध्यम कोई भी हो उत्साह की कमी स्पष्ट देखी जा सकती है। पिछले वर्षो की तुलना में इस बार धार्मिक विशेषकर देवी स्थलों पर भक्तों की भीड़ कम रही। प्रशासकीय गाइड लाईन के अनुसार शक्ति के भक्ति का उत्साह श्रद्धालु में निरन्तर बना रहा। अधिकांश श्रद्धालुओं ने घर पर ही रहकर मां जगतजननी की आराधना की। देव स्थलों पर भी आयोजकों ने कोरोना संक्रमण की गाइड लाइन का पालन किया।**

**विनय कुमार तिवारी**

देश के विभिन्न देवी स्थलों पर भी सीमित संख्या में भक्तों ने अपने परिवहन साधनों से जाकर दर्शन किये। नवरात्रि पर्व पर जम्मू स्थित वैष्णोदेवी मंदिर परिसर भी जय माता दी, चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है... के जयकारों से गूंजता रहा। यहां के आयोजकों ने पर विशेष व्यवस्था की थी। काफी संख्या मे एकत्रित विभिन्न प्रकार के फूलों से सम्पूर्ण मंदिर परिसर को सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता रहा वैष्णो देवी मंदिर। कोरोना संक्रमण के काल में मंदिर के आयोजक यहां आनेवाले हर भक्त को प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करा रहे हैं। यहां आनेवाले यात्री ऑन लाईन बुकिंग कराकर ही आ सकते हैं। एप जारी किया गया है। उस एप के माध्यम से श्रद्धालु 60 दिन पूर्व अपनी बुकिंग करा सकते हैं। जो श्रद्धालु यहां नहीं आ सकते है वे घर बैठे लाइव दर्शन, आरती, ऑनलाइन विशेष पूजा करवा सकते हैं। पूजा-प्रसाद की घर पहुंच सेवा भी शुरू की गयी है। पूजा प्रसाद 500, 1100 एवं 2100 रुपए निर्धारित किया गया है। यहां निर्धारित संख्या में हेलिकाप्टर, पिट्ठू, घोड़ा, पालकी की सेवाएं कड़े नियमों के साथ आरंभ हैं। श्रद्धालुओं के लिये कोविड टेस्ट की भी व्यवस्था है। पहले की अपेक्षा अब दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा किया गया है। श्रद्धालु सभी सावधानी बरतते हुये माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। जम्मू एवं कटरा के व्यवसायियों में अब उम्मीद जगी है कि धीरे-धीरे आनेवाले समय में सब कुछ ठीक हो जायेगा। नवरात्रि में यहां के होटल व्यवसायियों ने पिछले नुकसान को देखते हुये भक्तों के लिये ठहरने की दरों में अच्छा खासा डिस्काउन्ट भी दिया। सूत्रों का कहना है कि श्रद्धालुओं के कम आने से होटल व्यवसायियों को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। इसलिये उन्होंने होटलों किराये की कम दर करने का फैसला लिया है। महाराष्ट्र के बुढाणा जिले के खामगांव की 68 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुयी हैं। क्योंकि वे अपने गांव खामगांव से वैष्णोदेवी की लगभग 2200 किलोमीटर की यात्रा साइकिल यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा देखकर हर कोई दंग है। उनका वीडियो भी वायरल हो



रहा है। नवरात्रि में मध्यप्रदेश के देवास स्थित चामुण्डा देवी मंदिर, सलकनपुर मंदिर, तरावली मंदिर, हरसिद्धि मंदिर, दतिया पीताम्बरा पीठ, मैहर की मां शारदा शक्तिपीठ सहित अन्य देवी मंदिर भक्तों की आस्था के केन्द्र रहे। भक्तों ने मां जगतजननी की आराधना और अनुष्ठान किया। प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। नवरात्रि पर्व पर इस बार गरबा आयोजन भी देखने को नहीं मिले। भक्तों ने भी प्रशासन की हिदायतों का पालन करते हुये उनकी मुहिम को सफल बनाया और नवरात्रि पर्व सम्पन्न हुआ।

हाल ही में देश की टूरिज्म स्टैटिस्टिक्स 2020 की रिर्पोट के अनुसार ताजमहल के लिये प्रसिद्ध उत्तरप्रदेश ने वर्ष 2019 में देश का सबसे पसंदीदा पर्यटन प्रदेश बनने का गौरव हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 23.1 प्रतिशत पर्यटकों ने उत्तरप्रदेश में छुट्टियां व्यतीत की। उत्तरप्रदेश में 53.58 करोड़ देशी और 47.45 करोड़ विदेशी पर्यटक आये। इसकी मुख्य वजह जनवरी और मार्च, 2019 में प्रयागराज में आयोजित अर्ध महाकुम्भ आयोजन होने पर काफी संख्या में श्रद्धालु आये। सूची में अलग-अलग नम्बरों पर अन्य राज्य भी हैं जहां पर्यटक भ्रमण पर आये। इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। रेलवे धीरे-धीरे अपनी सुविधाओं में विस्तार कर रहा है। ट्रेनों की संख्या बढ़ती जा रही है। त्यौहारों का सीजन शुरू हो चुका है। निष्चय ही ज्यादा जरूरी होने पर यात्री यात्रा करेंगे। हो सकता है कुछ ट्रेनों में यात्रियों को गरम खाने से वंचित रहना पड़े। क्योंकि रेलवे अभी पेन्ट्रीकार के माध्यम से खाना यात्रियों को परोसने के पक्ष में नहीं है। इसके लिये ऑनलाईन प्लेटफार्म पर खाना देने की व्यवस्था की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो यात्रियों को अपने घर से ही खाना साथ ले जाना बेहतर होगा। सुबह-शाम मौसम में हल्की-हल्की ठंडक घुलने लगी है। यही शीतलता पर्यटन मौसम आने का एक संकेत भी है। यदि कोरोना महामारी का संकट नही होता तो अभी बंगाल और गुजरात के पर्यटक मध्यप्रदेश की सैर पर निकल पड़ते। विशेषकर बंगाली टूरिस्ट मध्यप्रदेश के सभी पर्यटन स्थल घूमना पसंद करते हैं लेकिन मध्यप्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी उनका पसंदीदा पर्यटन स्थल होता है। पचमढ़ी के होटल, रेस्टोरेन्ट व्यवसायियों को भी उनका बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन इस बार टूरिस्टों की संख्या कम है। जीप चालक, गाईड भी बेरोजगार हैं। डिस्काउंट के बाद भी होटल ज्यादा बुक नही हैं। देश के कई भागों में दशहरा पर्व पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहते हैं। कुल्लू, मैसूर का दशहरा हो या बस्तर का दशहरा पर्व सभी जगह इस बार पर्यटकों की संख्या कम ही रहेगी। लगभग स्थानीय लोगों की उपस्थिति में ही परम्पराओं का निर्वहन होगा। इन आयोजनों में भी संख्या का महत्व रखा जायेगा ताकि कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन न हो। दशहरा पर्व कितने ही गरीब परिवारों के लिये एक उम्मीद की किरण लेकर आता था। रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतले बनानेवाले कारीगर कहते हैं कि इस बार लोगों में उत्साह कम है। इनको बनानेवाला सामान भी महंगा हुआ है। क्या गारंटी है कि बनाने पर लोग इनको लेकर ही जायगें। कई स्थानों पर दशहरा समितियों ने सीमित दायरे में ही दशहरा पर्व मनाने का निर्णय लिया है। कई समितियां तो इस बार आयोजन ही नहीं कर रहीं। अनेक पर्यटन स्थल ऐसे हैं जहां त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये विभिन्न उत्सव मनाये जाते थें लेकिन अब कोरोना महामारी और शासन के पास पर्याप्त बजट नही होने के कारण भी यह आयोजन स्थगित किये जा रहे हैं।

# सोनू सूद ने उठाया लड़की की सर्जरी का जिम्मा, फैन्स ने की जमकर तारीफ



बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद कोरोना काल में जरूरतमंदों की आगे बढ़कर मदद कर रहे हैं। वह मदद मांगने वालों को कभी निराश नहीं करते हैं और हरसंभव उन तक सहायता पहुंचाते हैं। अब उन्होंने एक बच्ची के ऑपरेशन का जिम्मा उठाया है। सोनू सूद ने यह जानकरी ट्विटर पर दी है। यूजर्स उनके इस कदम की खूब सराहना कर रहे हैं। सोनू सूद को टैग करते एक शख्स ने ट्वीट किया, सोनू सूद सर, एक 10 साल की बच्ची जो मुंबई में अपने गरीब मां-बाप के साथ रहती है, उस बच्ची के पीछे रीढ़ की हड्डी में क्रेक आ गया है और पस जम गया है। डॉक्टर ने तुरंत ऑपरेशन करने को कहा है। कृप्या उस बच्ची की मदद कीजिए। इस ट्वीट पर सोनू सूद ने जवाब देते हुए लिखा, चलिए इस बच्ची को स्वस्थ करते हैं। तैयारी कीजिए 28 तारीख को होगी सर्जरी। मालूम हो कि सोनू सूद अपने फैन्स के ट्वीट का मजेदार जवाब देने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में एक फैन ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की, जिस पर सोनू ने फनी रिएक्शन दिया। फैन ने ट्विटर पर लिखा, सोनू सूद सर, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं, लेकिन मेरी आपसे मुलाकात नहीं होगी, मैं जानता हूं। शायद मैं आपसे कभी भी नहीं मिल सकता हूं, लेकिन प्लीज आप एक बार कह दो कि मुलाकात होगी। इस ट्वीट पर जवाब देते हुए सोनू सूद ने लिखा कि मिलूंगा जरूर, अगर जो नींबू पानी आप पी रहे हो, मेरे लिए भी ले आओगे।

## महेश भट्ट के वकील ने कहा-

# लवीना के आरोप झूठे और अपमानजनक



ऐक्ट्रेस लवीना लोध ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करके फिल्ममेकर महेश भट्ट पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अब महेश भट्ट के वकील ने लवीना लोध के वीडियो पर प्रतिक्रिया पर देते हुए बयान जारी किया है। विशेष फिल्म्स के वकील ने अपने क्लाइंट महेश भट्ट की ओर से कहा, हम आरोपों का खंडन करते हैं। इस तरह के आरोप न केवल झूठे और अपमानजनक हैं बल्कि कानून मे इसके गंभीर परिणाम हैं। हमारे क्लाइंट कानूनी सलाह के अनुसार कार्रवाई करेंगे। दरअसल, लवीना लोध ने वीडियो में दावा किया है कि फिल्ममेकर महेश भट्ट उन्हें धमकी दे रहे हैं। लवीना लोध ने अपने वीडियो में खुलासा किया है कि उन्होंने महेश भट्ट के भांजे सुमित सभरवाल से शादी की थी, अब उन्होंने तलाक का मामला दर्ज किया है क्योंकि मुझे पता चला गया था कि उनका पति ड्रग्स सप्लाई करता है। उन्होंने कहा कि यह वीडियो उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए बनाया है। लवीना लोध ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने कहा, मैंने महेश भट्ट के भांजे सुमित सभरवाल के साथ शादी की थी, मैंने उनके खिलाफ तलाक का मामला दर्ज किया है क्योंकि मुझे पता चला गया था कि वह सपना पब्बी और अमायरा दस्तूर जैसी ऐक्ट्रेसेज को ड्रग्स सप्लाई करते हैं। इन सभी बातों की जानकारी महेश भट्ट को है। इंडस्ट्री में सबसे बड़े डॉन महेश भट्ट हैं और वह पूरा सिस्टम ऑपरेट करते हैं। अगर आप उनके मुताबिक नहीं चलते हैं तो वह आपका जीना हराम कर देते हैं। महेश भट्ट ने कितने लोगों को काम से निकाल कर जिंदगी बर्बाद कर दी है। वह एक फोन कॉल करते हैं और लोगों की नौकरी चली जाती है। जब से मैंने उनके खिलाफ केस दर्ज किया है, वह मेरे घर में घुसने की कोशिश कर रहे हैं और मुझे घर से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। लवीना लोध ने आखिर में कहा, जब मैं पुलिस स्टेशन एनसी लिखाने जाती हूं तो कोई मेरी एनसी नहीं लेता है और अगर एनसी लिख भी देती हूं तो उस पर कोई ऐक्शन नहीं होता है। अगर कल कोई हादसा मेरे साथ या मेरी फैमिली के साथ होता है तो उसके लिए महेश भट्ट, मुकेश भट्ट, सुमित सभरवाल, साहिल सहगल और कुमकुम सहगल जिम्मेदार होंगे। लोगों को पता तो चलना चाहिए कि बंद दरवाजों के पीछे क्या कर सकते हैं क्योंकि महेश भट्ट बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली हैं।

### बादशाह के चेहरे का मालदीव वेकेशन के दौरान हुआ बुरा हाल



बॉलीवुड के फेमस रैपर बादशाह की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। फोटो में बादशाह के चेहर पर सनबर्न का असर नजर आ रहा है। दरअरल, बादशाह ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मालदीव वैकेशन के दौरान की अपनी फोटो शेयर की है, जिसमें उनका चेहर लाल और स्किन छिली हुई नजर आ रही है। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सनबर्न्ट। इस तस्वीर पर उनके फैन्स रिएक्शंस दे रहे हैं। सिंगर अरमान मलिक ने लिखा, बुरे जले। वहीं, एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने कॉमेंट किया, ओह नहीं। सोशल मीडिया पर बादशाह की इस तस्वीर को जमकर शेयर किया जा रहा है। हाल ही में बादशाह ने शाहरुख खान की आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक गाना गाया है जो रिलीज होते ही यूट्यूब पर छा गया। इस गाने के वीडियो में रैपर बादशाह के अलावा शाहरुख खान भी नजर आ रहे हैं। इसके अलावा बादशाह का गाना टॉक्सिक इन दिनों धूम मचा रहा है। यह गाना मई में रिलीज हुआ था। गाने के वीडियो में रवि दुबे ओर सरगुन मेहता की जबरदस्त केमिस्ट्री नजर आई थी। यह गाना अभी तक यूट्यूब पर टॉप सर्च में बना हुआ है।

# काजल अग्रवाल ने दिखाई अपनी सगाई की अंगूठी



बॉलीवुड एक्ट्रेस काजल अग्रवाल इंटीरियर डिजाइनर गौतम किचलू के साथ अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैन्स को शादी की जानकारी दी थी। अब उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपनी इंगेजमेंट रिंग फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। काजल ने इस वीडियो को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, शादी वैनिटी। काजल का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मालूम हो कि काजल 30 अक्टूबर को गौतम किचलू संग शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। दोनों की शादी एक प्राइवेट सेरेमनी में होगी, जिसमें परिवार और कुछ करीबी दोस्त शामिल होंगे। हाल ही में काजल की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिसमें वह शादी से पहले बैचलर पार्टी करती नजर आईं। काजल अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें लिखा है, मैंने हां कर दी। मुझे आप लोगों को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है मैं गौतम किचलू से 30 अक्टूबर, 2020 को शादी करने जा रही हूं। हमने एक छोटी सी प्राइवेट सेरेमनी रखी है, जिसमें सिर्फ परिवार के लोग शामिल होंगे। हम दोनों साथ में अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। हम जानते हैं कि आप लोग भी हमें जरूर चियर करेंगे। मैं आप लोगों का धन्यवाद करती हूं, जो इतने सालों तक आपने मुझे प्यार और मुझे आशीर्वाद दिया और जैसे कि हम नया सफर शुरू करने जा रहे हैं तो हमें आपकी दुआओं की बहुत जरूरत है। मैं अपने दर्शकों का मनोरंजन करती रहूंगी। आप लोगों के समर्थन के लिए धन्यवाद। काजल की इस पोस्ट पर उनके फैन्स कमेंट कर रहे हैं और उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो काजल अग्रवाल फिल्म इंडियन के सीक्वल में नजर आएंगी। इसमें वह कमल हासन के साथ काम कर रही हैं। फिल्म का निर्देशन शंकर ने किया है। इसके पहले पार्ट को भी कमल हासन ने ही डायरेक्ट किया था। काफी समय पहले फिल्म से कमल हासन का जारी किया जा चुका है।

# नोरा फतेही ने नाच मेरी रानी गाने पर किया धमाकेदार डांस



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही और सिंगर गुरु रंधावा इन दिनों अपने नए सॉन्ग नाच मेरी रानी को लेकर काफी चर्चा में हैं। वीडियो सॉन्ग में दोनों की केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया जा रहा है। अब गुरु रंधावा ने नोरा फतेही का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह धमाकेदार डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में नोरा फतेही ब्लैक ड्रेस में कोरियोग्राफर आदिल खान के साथ नाच मेरी रानी सॉन्ग पर जबरदस्त अंदाज में थिरकती दिख रही हैं। वीडियो में नोरा के डांस मूव्स के साथ-साथ उनका अंदाज और एक्सप्रेशंस भी कमाल के लग रहे हैं। इस वीडियो को साझा करते हुए गुरु रंधावा ने लिखा, यह आग है आग। आदिल खान, आपके समय का शुक्रिया और हां नोरा फतेही आप सच में पावरहाउस हैं। बता दें कि नोरा फतेही और गुरु रंधावा द कपिल शर्मा शो के अपकमिंग एपिसोड में नजर आएंगे। हाल ही में सोनी टीवी के ट्विटर अकाउंट पर इस एपिसोड का एक प्रोमो वीडियो शेयर किया गया था जिसमें कपिल, नोरा से फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में कपिल शर्मा रूप तेरा मस्ताना गाना गाते नजर आते हैं जिस पर नोरा फतेही और गुरु रंधावा डांस करते हैं। इसके बाद नोरा कपिल से कहती हैं, आपकी आवाज बहुत अच्छी है। कपिल बोलते हैं, मैं आदमी भी बड़ा अच्छा हूं। नोरा बोलती हैं, आप शादीशुदा हैं, आपकी बीवी को प्रॉब्लम होगी। इस पर मजेदार जवाब देते हुए कहते हैं, मैं उससे कन्फर्म कर लूं फिर तो आपको कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। इस पर नोरा हंसते हुए हां कहती हैं।

# अभिषेक बच्चन ने लगाया ऐसा मास्क और शील्ड लोग बोले- कहां से लिया



अभिषेक बच्चन को बीते दिनों कोरोना वायरस का इनफेक्शन हो चुका है। वह लगातार लोगों को इससे बचाव के लिए कह रहे हैं और खुद भी सावधानी बरत रहे हैं। रीसेंटली उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर उन्होंने एक ऐसा मास्क और शील्ड पहना है, जिसने सबका ध्यान खींचा।

### आपकी बचत बताएगी आप कितने कूल हैं

तस्वीर में अभिषेक कार में बैठे नजर आ रहे हैं। उन्होंने रेड कलर का हूडी पहना है साथ में फेस शील्ड और मास्क लगा रखा है। तस्वीर के साथ उन्होंने सबको सेफ रहने और मास्क पहनने की सलाह दी है। उनकी तस्वीर पर मजेदार रिऐक्शंस आ रहे हैं। फराह खान ने उन्हें हैंडसम बताया है तो कुछ यूजर्स ने उनसे पूछा है कि ये मास्क कहां से लिया, उन्हें भी चाहिए।

### फिल्म लूडो में नजर आएंगे अभिषेक

अभिषेक बच्चन अनुराग बसु की फिल्म लूडो में नजर आएंगे। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है और लोगों ने इसे पसंद किया है। फिल्म में उनके साथ आदित्य रॉय कपूर, राजकुमार राव, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख, रोहित शराफ और पंकज त्रिपाठी भी हैं।

# जैकलिन फर्नांडिस के इंस्टाग्राम पर हुए 46 मिलियन फॉलोअर्स



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडिस के फैन्स केवल इंडिया ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हैं। जैकलिन का सोशल मीडिया अकाउंट इस बात की गवाही देता है। अब इंस्टाग्राम पर जैकलिन ने एक नया मुकाम हासिल किया है। इंस्टाग्राम पर जैकलिन के 4 करोड़ 60 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। इस मौके पर जैकलिन ने फैन्स के लिए इंस्टाग्राम पर कुछ टॉपलेस तस्वीरें शेयर की हैं। जैकलिन ने अपने फैन्स को केवल शुक्रिया कहते हुए इंस्टाग्राम पर 3 तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में जैकलिन वाइट पैंट्स में हाथ में गुलाब के फूलों का बुके लिए काफी दिलकश दिख रही हैं। फैन्स के अलावा बॉलिवुड सिलेब्स भी जैकलिन की इन तस्वीरों को पसंद कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो जैकलिन अब अपनी आने वाली फिल्म अटैक की शूटिंग करेंगी जिसमें उनके साथ जॉन अब्राहम और रकुलप्रीत सिंह नजर आएंगे। इसके अलावा जैकलिन सलमान खान के साथ साजिद नाडियाडवाला की फिल्म किक 2 में भी नजर आएंगी।

## किंयारा आडवाणी ने बताया

# लस्ट स्टोरीज के लिए गूगल से सीखा था कैसे यूज करते हैं वाइब्रेटर



कियारा आडवाणी ने लस्ट स्टोरीज में वाइब्रेटर का इस्तेमाल किया था। कियारा का यह सीन काफी चर्चा में रहा था लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस सीन को करने से पहले कियारा को नहीं पता था कि वाइब्रेटर का इस्तेमाल कैसे करते हैं। नेहा धूपिया के साथ उनके चैट शो नो फिल्टर में बात करते हुए कियारा आडवाणी ने कहा, करण ने हम सभी को बताया था कि क्या करना है? हालांकि मुझे लगा की यह बहुत दिलचस्प होगा। मुझे सच में इस डिवाइस के बारे में कुछ नहीं पता था। मुझे इसके बारे में जानने के लिए गूगल करने की जरूरत पड़ी। इसके बाद मैंने कुछ फिल्में देखकर इसके बारे में जाना। मुझे पता था यह सीन कैसा लगेगा। इसके बाद मैंने इस सीन को अच्छी तरह से करने की कोशिश की। मैंने ज्यादा टेक नहीं लिए थे। उन्होंने आगे कहा, करण की यह अच्छी बात है कि वह खुद सारी चीजों को आसानी से सिखा देते हैं। वे जब भी कोई सीन करते हैं तो ऐसा लगता है कि यह सच में ऐसा ही होना चाहिए। उन्हें देखने के बाद ऐसा लगता है कि आप भी वैसा ही करेंगे। इससे पहले एक इंटरव्यू के दौरान कियारा ने कहा था, उस समय मेरी दादी मेरे साथ रहने के लिए आई थीं और फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। बेशक मैंने और मेरे माता-पिता ने साथ में इसे देखा था। सभी को यह पसंद आया था। वे सब कुछ जानते थे पहले से जब मैंने फिल्म के लिए हां कहा था। बता दें कि कियारा जल्द ही फिल्म लक्ष्मी बॉम्ब में नजर आएंगी। फिल्म में कियारा और अक्षय कुमार लीड रोल में हैं। फिल्म 9 नवंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

## न्यूज. ब्रीफ

### कोरोना की फ्री वैक्सीन के वादे पर शिवसेना का वार, कहा–बाकी राज्य पाकिस्तान में है



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान मुफ्त कोविड-19 वैक्सीन के टीके देने के भारतीय जनता पार्टी के इस वादे को लेकर वह बाकी विरोधी दलों के निशाने पर आ गई है। शिवसेना ने अपने मुखपत्र- सामना में कहा कि बिहार को कोविड-19 वैक्सीन मिलनी चाहिए, लेकिन बाकी राज्य पाकिस्तान में नही है। शिवसेना ने बीजेपी के चुनावी वादे में बिहार को कोरोना वैक्सीन फ्री देने के वादे की आलोचना करते हुए संपादकीय में पूछा कि क्या गैर बीजेपी शासित राज्यों को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कोविड-19 की वैक्सीन के बारे में बात करनी चाहिए। एनडीए ने बिहार के लिए जारी अपने चुनावी घोषणा पत्र में वहां के सभी लोगों को मुफ्ती में वैक्सीन देने का वादा किया है। वैक्सीन को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किए जाने को लेकर इससे पहले शिवसेना नेता संजय राउत ने आलोचना करते हुए कहा- इससे पहले कहा गया था कि तुम मुझे खून दो और मैं तुझे आजादी दूंगा। अब यह हो गया है कि तुम मुझे वोट दो और मैं तुझे वैक्सीन दूंगा।

### अष्टमी पर दुर्गा नाग मंदिर पहुंचे जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला शनिवार को दुर्गा अष्टमी और राम नवमी के मौके पर प्राचीन दुर्गा नाग मंदिर पहुंचे और देवी के सामने शीश झुकाया। इस सप्ताह 84 वर्ष के हुए नेशनल कांफ्रेंस के नेता ने शांति और मानवजाति के कल्याण की प्रार्थना की। फारूक अब्दुल्ला डलगेट के पास स्थित मंदिर में उस समय पहुंचे जब कश्मीरी पंडित समुदाय पुजारी वहां हवन कर रहे थे। लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला ने वहां मौजूद पत्रकारों से बातचीत में कहा, यह हमारे हिंदू भाइयों और बहनों के लिए महत्वपूर्ण दिन है और इस मंदिर का बहुत महत्व है। मैं यहां मनाए जा रहे धार्मिक त्योहार पर लोगों को शुभकामनाएं देने आया हूं। फारूक अब्दुल्ला ने यह भी प्रार्थना की कि विस्थापित कश्मीरी पंडित जितनी जल्दी संभव हो अपने घरों में लौट आएं। परंपरागत पठानी सूट पहने फारूक अब्दुल्ला कोरोना महामारी को देखते हुए फेसगार्ड और मास्क भी लगाए नजर आए। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक जगहों पर सोशल डिस्टेंशिंग के नियमों का पालन करने की अपील भी की। दुर्गा नाग मंदिर 700 साल से भी ज्यादा पुराना मंदिर माना जाता है। 2013 में मंदिर परिसर में शिवलिंग की स्थापना की गई थी। नवरात्र और खासकर अष्टमी के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आकर पूजा पाठ करते हैं।

### निर्मला सीतारमण का कांग्रेस पर हमला, होशियारपुर मामले पर क्यों चुप हैं राहुल



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बलात्कार की घटनाओं के राजनीतिकरण को लेकर कहा कि कहा कि होशियारपुर में 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ और उसकी लाश को जलाने का भी प्रयास किया गया। कांग्रेस पार्टी की इस विषय पर चुप्पी दुखद है, रेप को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मैं आज कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहती कि क्या जहां आपकी सरकार नही है वहां अगर रेप होता है तो उसके खिलाफ आप भाई-बहन गाड़ी में बैठकर पिकनिक की तरह प्रदर्शन करने जाएंगे, मगर होशियापुर क्योंकि वहां कांग्रेस की सरकार है आप उस पर एक भी बात नही बोलेंगे क्या? ट्विटर पर खास एक्टिव रहने वाले राहुल गांधी ने घटना पर एक शब्द नही कहा। इस पर कोई ट्वीट नहीं (होशियारपुर बलात्कार की घटना), इस पर कोई नाराजगी नही, और इस पर कोई चर्चा नही। एक महिला पार्टी प्रमुख है। क्या इस तरह का चुनिंदा आक्रोश उनकी पार्टी के कद को सूट करता है। गौरतलब है कि पंजाब के होशियारपुर में टांडा स्थित एक गांव में छह वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया, उसकी हत्या की गई और फिर शव को आग लगा दिया गया।

राजद का घोषणापत्र: 10 लाख युवाओं को स्थाई नौकरी का वादा

# बेरोजगारों को देंगे 1500 रुपए भत्ता, किसानों को कर्ज माफी

- सरकारी नौकरी में 85प्रतिशत आरक्षण स्थानीय लोगों को दिया जाएगा




पटना ■ एजेंसी

राजद ने शनिवार को घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसमें रोजगार, कृषि, उद्योग, उच्च शिक्षा, महिला सशक्तीकरण से लेकर स्मार्ट गांव तक पर जोर दिया गया है। पार्टी ने स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज, स्वास्थ्य सेवा, खेल नीति समेत कुल 17 मुद्दों को प्राथमिकता दी है। राजद नेता मनोज झा ने कहा कि कैबिनेट की पहली बैठक में 10 लाख युवाओं को स्थाई सरकारी नौकरी दी जाएगी। राजद ने सरकार बनने पर किसानों के सभी कर्ज माफ करने की भी ऐलान किया है इसके अलावा घोषणापत्र में रोजगार और स्वरोजगार में नियोजित शिक्षकों को वेतनमान और सभी संविदा कर्मचारियों को स्थाई करने का वादा किया गया है। समान काम के बदले समान वेतन और सभी विभागों में निजीकरण खत्म करने को भी प्रमुखता से रखा गया है। राजद ने वादा किया है कि सरकार बनने पर 10 लाख नौकरियां देंगे। नियुक्तियां पहले से खाली पड़े पदों पर होंगी, साथ ही नए पद भी बनाए जाएंगे। संविदा को खत्म करके सभी कर्मचारियों को स्थाई कर समान काम समान वेतन दिया जाएगा। सभी विभागों में निजीकरण को खत्म किया जाएगा। रोजगार सृजन के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए नई औद्योगिक पॉलिसी के तहत प्रभावी टैक्स डिफरेंट और टैक्स वेवर स्कीम लाई जाएगी।

#### उच्च शिक्षा और रोजगार

- कार्यपालक सहायक, लाइब्रेरियन और उर्दू शिक्षकों की बहाली की जाएगी।
- प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन के लिए लगने वाली फीस खत्म की जाएगी।
- युवाओं की समस्याओं को दूर करने के लिए बिहार युवा आयोग का गठन होगा।
- हर जिले में बैंक, रेलवे, एसएससी की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।
- बुजुर्गों और गरीबों को हर महीने मिलने वाली पेंशन को 400 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए किया जाएगा।
- राज्य के किसी भी सरकारी नौकरी में कम से कम 85 प्रतिशत आरक्षण स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए सुनिश्चित किया जाएगा।
- हर जिले में छात्रों के लिए सुविधायुक्त लाइब्रेरी की स्थापना होगी।
- 35 साल तक के बेरोजगार युवाओं को 1500 रुपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में देंगे।
- विश्वविद्यालयों में रिक्त पड़े अकादमिक पदों विशेष रूप से सहायक प्राध्यापकों की बहाली।
- डॉक्टर, नर्स, पैरा मेडिकल कर्मचारी और सफाई कर्मचारियों की भर्ती।
- भागलपुर के रेशम उद्योग क्लस्टर का विस्तार होगा।
- मिथिला के मखाना उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा।

#### किसानों का भी रखा जाएगा ख्याल

जदयू के हर खेत तक सिंचाई के पानी की व्यवस्था के मुद्दे को राजद ने भी अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। सभी सिंचाई पंपों को सोलर पंप में तब्दील करने का वादा किया गया है। किसानों के सभी कर्ज माफ किए जाएंगे। इसके अलावा खेल नीति के तहत बिहार में बड़े खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ हर प्रमंडल (डिवीजन) में एक बड़े स्टेडियम के स्थापना को भी एजेंडे में शामिल किया गया है। राजद ने वृद्धा पेंशन में पुरानी व्यवस्था लागू करने की बात कही है। इसके अलावा गांव को स्मार्ट बनाने पर जोर दिया गया है।

लालू के स्टाइल में प्रचार कर रहे तेज प्रताप

### कहीं बांसुरी बजाकर तो कभी कार की छत पर बैठकर मांग रहे वोट





**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में हसनपुर से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ रहे लालू यादव के बड़े बेटे का प्रचार अभियान जोरों पर है। तेज प्रताप अलग-अलग अंदाज में प्रचार करते दिख रहे हैं। कभी वो कार की छत पर बैठकर वोट मांगते हैं तो कभी बासुरी बजाकर। कभी किसान बन जाते हैं। कभी पशुओं के लिए चारा काटने लगते हैं। लोग कह रहे हैं तेज का चुनाव प्रचार बिल्कुल लालू स्टाइल में है। हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के बिथान में बाढ़ के पानी से घिरे इलाके में तेज प्रताप नाव से प्रचार करने पहुंच गए।काफी देर तक वे नाव पर ही घूमतेरहे। लोग तेज भैया इधर-इधर आने की आवाज लगा रहे थे। इसके बाद उनकी एक फोटो बैलगाड़ी पर बैठे हुए भी वायरल हुई। अपने अलग अंदाज के कारण तेज प्रताप हसनपुर में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। दिन रात तेज प्रताप सारा काम छोड़कर अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। तेज प्रताप यादव ने समस्तीपुर जिले से लगभग 55 किलोमीटर सुदूर हसनपुर विधानसभा क्षेत्र को चुनाव लड़ने के लिए चुना है। तेजप्रताप इस बाद अपनी विधानसभा सीट बदल ली है। अब सवाल उठता है कि तेज प्रताप ने महुआ से 60 किलोमीटर दूर हसनपुर सीट को क्यों चुना। हसनपुर भी यादव बहुल सीट माना जाती है और कुशवाहा वोटरों की भी संख्या ठीकठाक है। ऐसे में तेज प्रताप यादव अपने लिए इसे सुरक्षित सीट मानकर यहां से मैदान में उतर रहे हैं। यहां उनका मुकाबला उन्हीं के यादव समाज के जेडीयू उम्मीदवार राजकुमार राय से है।

## नीतीश ने कहा– अब लालटेन युग खत्म हमारी सरकार में बढ़ी बिजली खपत

वैशाली ■ एजेंसी



बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपनी वैशाली विधानसभा की चुनावी रैली में पहले की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आप सभी का सहयोग चाहिए बिहार को आगे ले जाने के लिए। हम न्याय के साथ विकास कर रहे हैं। किनारे पर रहने वाले अति पिछड़ा, पिछड़ा, अल्प संख्यक, महिला को सम्मान देने के लिए प्रयासरत हैं। लालू सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पहले की सरकार में हर घर में बिजली नहीं होती थी अब बिजली मिल रही है। लालटेन युग में सात सौ मेगावाट और अभी छह हजार मेगावाट की खपत है। इसलिए लालटेन युग खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि जब हम सत्ता में आए थे तब से पहले शहरों में भी बिजली नहीं रहती थी मगर हमने इस दिशा में सकारात्मक काम किया। इसके बाद हर घर में बिजली आई। वहीं कोरोना महामारी पर कहा कि यह पुरी दुनिया मे फैला है, सुधार के लिए बिहार प्रयासरत है। जांच भी अधिक हो रही है और लोग स्वस्थ्य हो रहे हैं। फिर भी प्रयास रहे की आप सचेत रहें। इसी काल में चुनाव हो रहा है, चाह कर भी सभी जगह नहीं पहुच पा रहे हैं। आप का सहयोग चाहिये। अब खेती के लिए बिजली मिल रही है। सभी क्षेत्र मे विकास हुआ है। सभी के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। अगली बार हर गांव में सोलर स्ट्रीट लाईट लगा कर गांव को रोशन करेंगे। हर गांव तक सड़क होगी। अगली बार गांव-गांव को जोड़ने वाली सड़क बनेगी। पहले अपराध कितने थे,लोग शाम में घर से नहीं निकलते थे। अपराध के मामले में 23वें स्थान पर बिहार है। इस बार सात निश्चय-2 पर काम होगा। तीन मेडिकल कॉलेज खुल गया। सभी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग की भी पढ़ाई होगी। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से गरीबों को पढ़ने के लिए चार लाख रुपये मिल रहे हैं।

## चिराग ने फिर दोहराया, जेडीयू से अधिक सीटें जीतेगी लोजपा, नीतीश कुमार की विदाई तय



पटना ■ एजेंसी

लोजपा प्रमुख चिराग पासवान ने एक बार फिर से कहा है कि विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी जदयू से ज्यादा सीटों पर चुनाव जीतेगी। औरंगाबाद जिले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चिराग ने कहा कि इस बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विदाई तय है। चिराग ने आगे कहा कि बिहार में इस बार लोजपा और भाजपा की सरकार बनेगी। चिराग ने कहा कि हम महागठबंधन के साथ किसी भी परिस्थिति में नहीं जाएंगे। साथ ही चिराग ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री की रेस में नहीं हूं, यह भ्रम फैलाया जा रहा है। लोजपा प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं चाहते कि कोई उनसे सवाल पूछे और इसी वजह से मुझे नापसंद करते हैं। साथ ही लोजपा को भाजपा की बी पार्टी कहना गलत है। चिराग ने एक बार फिर से कहा कि शेर का बच्चा हूं, जंगल चीर कर निकलूंगा। चिराग ने कहा कि नीतीश कुमार ने सीधे कभी चुनाव नहीं लड़ा। खुद के प्रदर्शन का पता नहीं है और कप्तान बने हैं। चिराग ने कहा कि नीतीश कुमार जनता की नहीं सुनते हैं और केवल अपनी बात करते हैं। उड़नखटोले पर सवार होकर नीतीश कुमार निकलते हैं। सीएम निकलते हैं तो कॉरिडोर बनाया जाता है। सीएम के सामने खूबसूरती परोसी जाती है। बिहार में अफसरशाही हावी है।

## भारत बार-बार दिखा रहा दरियादिली, चीन की शह पर नेपाल भूला मित्रता, भारतीयों के लिए बंद किया पुल

पिथौरागढ़ ■ एजेंसी



भारत-नेपाल के बीच वर्षों पुराना रोटी-बेटी संबंध सीमा विवाद की भेंट चढ़ गया है। चीन की दखल ने आग में घी का काम किया है। पिछले कुछ समय से भारत की ओर किए जा रहे तमाम कोशिशों के बावजूद पड़ोसी देश नेपाल के साथ रिश्ते सहज नहीं हो पा रहे हैं। भारत की तरफ से बार-बार दिखा दरियाली दिखाने के बावजूद नेपाल मित्रता भूलता जा रहा है। इस ताजा उदाहरण भारत-नेपाल सीमा पर देखने के मिल रहा है। कोरोना संकट के कारण करीब सात माह से बंद पड़े बॉर्डर को भारत सरकार ने खोल दिया है, लेकिन नेपाल की ओली सरकार इसके लिए सहमत नहीं है। नेपाल ने बॉर्डर के अपनी तरफ पुलिस बल तैनात कर सीमा को बंद कर रखा है। इससे भारत के सीमा खोलने के बावजूद दोनों देशों के बीच आवाजाही सामान्य नहीं हो पा रही है।

चीन की तरह नेपाल भी अब भारत के खिलाफ दोहरा चरित्र अपना रहा है। वह कहता कुछ है और करता कुछ है। शुक्रवार को झूलापुल में भी यही देखने को मिला। नेपाल ने अपने नागरिकों के लिए भारत में प्रवेश के दौरान तो झूलापुल खोला, लेकिन जब भारतीय नागरिक अपने रिश्तेदारों से मिलने नेपाल जाने लगे तो प्रहरियों ने पुल बंद कर दिया। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक नेपाली नागरिक पुल पर बैठे रहे। भारत-नेपाल सीमा पर शुक्रवार को नेपाल प्रहरियों ने डेढ़ घंटे से अधिक समय तक पुल बंद रखा। इससे नेपाल, अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे भारतीय नागरिक फंस गए। लोगों ने कहा कि पुल खुलने पर उन्हें अपने रिश्तेदारों को सामान देने जाना था। लेकिन पुल बंद होने से उन्हें दिक्कत हुई। हांलाकि बाद में नेपाल प्रहरियों ने पुल खोल दिया। नेपाली पेंशनरों की समस्या को देखते हुए नेपाल से भारत से तीन दिन के लिए सुबह नौ से दोपहर दो बजे तक पुल खुलने की अपील की। भारत प्रशासन की सहमति के बाद पहले दो दिन निर्धारित समय तक दोनों देशों की तरफ से पुल खुले रहे, लेकिन अंतिम दिन नेपाल की तरफ से झूलापुल पर कुछ घंटों के लिए ताले लगा दिए गए। इससे लोगों में आक्रोश है। नेपाल, चीन के बहकावे में आकर भारतीय सीमा पर जगह-जगह अपने सैनिकों की तैनाती कर रहा है। नेपाल की इस विरोधी रवय्ये के बावजूद भारत ने हमेशा पड़ोसी देश से अपने मित्रता निभाई। जब सारे दुनिया की सीमाएं बंद थी, इस दौरान भी भारत ने नेपाल के लिए अपनी सीमाएं खोली।

### जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती के खिलाफ दिल्ली पुलिस से शिकायत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के खिलाफ दिल्ली के एक वकील ने पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने महबूबा के बयान डकैतों ने हमारा झंडा छीना को भड़काऊ और अपमानजनक बताते हुए शिकायत की है।



हाल ही में नजरबंदी से आजाद हुईं महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को तिरंगे और जम्मू-कश्मीर के पूर्व के झंडे को लेकर बयानबाजी की। वकील विनीत जिंदल ने दिल्ली पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि मुफ्ती निर्वाचित भारत सरकार के खिलाफ भड़काऊ और अपमानजनक बयान दे रही हैं। जिंदल ने शुक्रवार को शिकायत में कहा, यह भड़काऊ बयान है जो समुदायों के बीच नफरत और अशांति फैलाने और चुनी हुई सरकार के खिलाफ युद्ध भड़काने के मकसद से दिया गया है, क्योंकि वह एक प्रभावशाली और सार्वजनिक व्यक्तित्व हैं। वकील ने कहा कि महबूबा मुफ्ती ने इस घोर अपमानजनक बयान से हर कानून के पालन करने वाले नागरिक के गौरव को आहत किया है और कहा कि यह उत्तेजित और भड़काऊ प्रवृत्ति का है, जिसका मकसद लोगों के बीच सांप्रदायिक तनाव और दुश्मनी पैदा करना है। शिकायत में महबूबा मुफ्ती के खिलाफ सख्त कार्रवाई और प्रिवेंशन ऑफ इनसल्ट टु नेशनल ऑनर एक्ट 1971 की धारा 4 और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज करने की मांग की है।

### नवाज के दामाद की किडनैपिंग फुटेज जारी करने वाले जियो न्यूज के रिपोर्टर इमरान अगवा, फौज-आईएसआई पर शक

इस्लामाबाद ■ एजेंसी



पाकिस्तान के सबसे बड़े टीवी न्यूज चैनल जियो न्यूज के सीनियर रिपोर्टर अली इमरान सैयद को शुक्रवार रात अगवा कर लिया गया। अली ने मंगलवार को कराची के उस होटल के सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर रिलीज किए थे, जहां से नवाज शरीफ की बेटी मरियम के पति कैप्टन सफदर को फौज जबरदस्ती अपने साथ ले गई थी। सीनियर जर्नलिस्ट नसीम जेहरा ने इमरान की जल्द रिहाई की मांग करते हुए सवाल किया- क्या बिना अगवा किए अली से पूछताछ नहीं की जा सकती थी। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी इस मामले में सवाल उठाते हुए इमरान की जल्द रिहाई की मांग की है। जुलाई में एक बड़े पत्रकार मतीउल्लाह जेन को भी अगवा किया गया था। बवाल मचने पर उन्हें नाटकीय ढंग से रिहा कर दिया गया था। इमरान की पत्नी ने कहा- मेरे पति शुक्रवार शाम करीब 7 बजे बेकरी से सामान लेने गए थे।

## निक्की हेली बोलीं- अमेरिका के लिए सबसे बड़ा राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बन गया है चीन



**नई दिल्ली।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राजनीतिज्ञ निक्की हेली ने शनिवार (स्थानीय समय) कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सुनिश्चित किया है कि बीजिंग अमेरिकी बौद्धिक संपदा की चोरी न कर सके। चीन संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा बन गया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के पूर्व राजदूत हेली के फिलाडेल्फिया के युद्ध के मैदान में ट्रम्प के लिए इंडियन वाइस ऑफ ट्रंप इवेंट के दौरान बोलते हुए कहा राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन को नोटिस पर रखा है। चीन अभी भी हमारे लिए नंबर एक खतरा है, एक बड़ा राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा है। 48 वर्षीय हेली ने कहा कि व्यापार करने के साथ, राष्ट्रपति ने न केवल हमारे लिए एक बेहतर व्यापार प्रतिनिधि हासिल किया, बल्कि उन्होंने चीन को बौद्धिक संपदा चोरी के लिए नोटिस पर रखा। उन्होंने सुनिश्चित किया है कि वे बौद्धिक संपदा की चोरी नहीं कर सकते हैं। वे हमारे विश्वविद्यालयों में नहीं जा सकते हैं और न ही जासूसी कर सकते हैं, और हम उन्हें ऐसा करने पर धरेंगे और जिम्मेदार ठहराएंगे।

### अफगानिस्तान: काबुल में आत्मघाती हमला: बच्चों सहित 10 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शनिवार को हुए आत्मघाती हमले में स्कूली बच्चों सहित 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हुए हैं। गृह मंत्रालय ने बताया कि धमाका पश्चिमी काबुल के शिया बहुल इलाके में एक शिक्षण केंद्र के बाहर हुआ। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता तारिक अरियान ने बताया कि जब सुरक्षा गार्ड ने उसे रोका तब हमलावर शिक्षण केंद्र में घुसने का प्रयास कर रहा था। इस हमले की तत्काल किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। वहीं तालिबान ने इस धमाके में हाथ होने से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन ने अगस्त 2018 में इसी तरह शिक्षण केंद्र पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें 34 विद्यार्थियों की मौत हुई थी। वहीं, अमेरिका ने फरवरी में तालिबान के साथ शांति समझौता किया है जिससे देश से अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता खुल गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इस समझौते से इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। इस्लामिक स्टेट, तालिबान का प्रतिद्वंद्वी है। देश में तालिबान और अफगान बलों के बीच हिंसा में वृद्धि देखी गई है। वहीं तालिबान और सरकार के प्रतिनिधि कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान में दशकों लंबे युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता कर रहे हैं। इससे पहले शनिवार को पूर्वी अफगानिस्तान में सड़क के किनारे किए गए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट की चपेट में मिनी वैन आ गई थी, जिसमें आम लोग बैठ हुए थे। गज़नी प्रांत के पुलिस प्रवक्ता अहमद खान सीरत ने बताया कि सड़क के किनारे किए गए दूसरे विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। इस विस्फोट की चपेट में पुलिसकर्मियों की एक गाड़ी आ गई जो पहले विस्फोट के स्थल पर पीड़ितों की मदद के लिए जा रही थी। सीरत ने बताया कि विस्फोटों में कई अन्य घायल भी हुए हैं और हमलों की जांच चल रही है। हमलों की जिम्मेदारी तत्काल किसी संगठन ने नहीं ली है। प्रांतीय पुलिस के प्रवक्ता ने दावा किया कि बम तालिबान ने लगाए थे।

राष्ट्रपति चुनाव — अमेरिका में जो बाइडेन ने चला भाजपा वाला चुनावी दांव, कहा-

# जीते तो सभी अमेरिकी को फ्री में देंगे वैक्सीन

वाशिंगटन ■ एजेंसी



बिहार विधानसभा चुनाव के साथ-साथ अमेरिका में भी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। जिस तरह बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने अपने वादे में सभी के लिए कोरोना वायरस की वैक्सीन मुफ्त देने का वादा किया है, ठीक उसी तरह का ऐलान अमेरिका में भी हुआ है। अमेरिका में 3 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडेन ने अमेरिकियों को मुफ्त में वैक्सीन देने का बड़ा चुनावी वादा किया है। जो बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि अगर वह राष्ट्रपति बनते हैं तो वह सभी अमेरिकियों को लिए कोविड-19 की वैक्सीन अनिवार्य तौर पर मुफ्त कर देंगे। उनका यह कदम कोरोना से निपटने की दिशा में राष्ट्रीय रणनीति का हिस्सा होगा। डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करते हुए जो बाइडेन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन कोरोना वायरस हमामारी से निपटने में असमर्थ रही है और उसने कोरोना से जंग में आत्मसमर्पण कर दिया है और इसे अमेरिका पर छोड़ दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से ठीक 11 दिन पहले बाइडेन ने कोरोना से निपटने को लेकर कहा कि जब एक बार हमारे पास सुरक्षित और कारगर वैक्सीन आ जाए, तो ये हर अमेरिकी के लिए मुफ्त होगी, चाहे आपका बीमा हो या नहीं।

#### कोरोना से मौतों को लेकर ट्रंप पर बोला हमला

बाइडेन ने कोरोना से अमेरिका में मौतों के लेकर भी ट्रंप पर हमला बोला और कहा कि कोरोना के चलते दुनिया में सबसे ज्यादा 2,23,000 लोगों की मौत अमेरिका में हुई है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी दुनिया ने हाल के इतिहास में नहीं देखी है। यहां आठ महीने हो चुके हैं मगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास कोई प्लान नही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर वह राष्ट्रपति चुनाव जीतते हैं तो सबसे पहले तुरंत राष्ट्रीय रणनीति लागू करेंगे जिससे कौरना वायरस से आगे निकला जा सके और जीवन सामान्य पटरी पर लाएंगे। इसमें सभी 50 राज्यों के राज्यपालों के विचार भी शामिल होंगे। बाइडेन कहा कि राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद मैं कांग्रेस से अपील करूंगा कि वायरस से निपटने के लिए हर बड़े बिल को पारित किया जाएगा, हर जगह मास्क अनिवार्य हो और नेशनल टेस्टिंग प्लान लागू किया जाए। बता दें कि बीते दिनों जब बिहार में भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया था, तो उसमें सबसे बड़े चुनावी वादे के रूप में फ्री वैक्सीन ही था। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी वादे में कहा है कि अगर उसकी सरकार सत्ता में आती है तो बिहार में कोरोना वैक्सीन का मुफ्त टीकाकरण किया जाएगा।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



न्यूज. ब्रीफ

## पीपीई किट में कैटवॉक करती नजर आई महिला क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** महिला टी20 चैलेंज में भाग लेने के लिए यूएई पहुंची महिला क्रिकेटरों का पीपीई किट में कैटवॉक का एक वीडियो आया है। मिनी महिला आईपीएल के नाम से भी लोकप्रिय टी20 चैलेंज का आयोजन शारजाह में चार से नौ नवंबर तक होगा। इसके लिए टी20 टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्ज और अन्य खिलाड़ियों ने मुंबई में नौ दिन का क्वारंटीन किया था। इस दौरान इनके कई आरटी-पीसीआर परीक्षण कराए गए। इस कड़ी में आईपीएल ने इन महिला क्रिकेटरों के सफर का एक खास वीडियो भी साझा किया है। इसमें महिला क्रिकेटरों को 'बायो-बबल' में प्रवेश से पहले छह दिन के पृथकवास में रहना होगा। उनका पहले, तीसरे और पांचवें दिन कोविड-19 टेस्ट किया जाएगा, जिसके बाद ही उनके लिए बनाए गए उन्हें जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इंडियन प्रीमियर लीग के आधिकारिक ट्विटर हैडल से भारतीय महिला क्रिकेटरों के मुंबई से दुबई के सफर को एक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में क्रिकटरों ने पीपीई किट पहनी हुई है और मास्क लगाए हुए हैं। एयरपोर्ट पर ये महिला क्रिकेटर्स काफी मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं। ये क्रिकेटर्स एयरपोर्ट पर पीपीई किट में रैंप वॉक भी कर रही है। टूर्नामेंट की तीन टीमों की कप्तानी मिताली राज, स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर करेंगी। इस टूर्नामेंट से भारतीय महिला क्रिकेट सत्र की भी शुरूआत होगी जिसमें विदेशी स्टार जैसे डायंड्रा डॉटिन, सोफी एक्सेलस्टोन, डेनियल वाट, चामरी अटापट्टू भी भाग लेंगी।

## अब रावलपिंडी में होगी पाक-जिम्बाब्वे टी20 सीरीज

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने नवंबर माह में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की घरेलू सीरीज को लाहौर से रावलपिंडी स्थानांतरित कर दिया है। तीन मैचों की यह सीरीज पहले लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेली जानी थी पर हवा में प्रदूषण को देखते हुए अब यह 7, 8 और 10 नवंबर को रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य कार्यकारी वसीम खान ने एक बयान में कहा, 'हवा की क्वॉलिटी में अचानक आई खराबी और आने वाले दिनों में इसके और खराब होने की आशंका को देखते हुए ही हमने जल्दी से मैचों को लाहौर से स्थानांतरित किया है।' वसीम ने आगे कहा, 'खतरनाक प्रदूषण और खराब एयर क्वॉलिटी को देखते हुए मैचों को लाहौर में आयोजित करवाना अच्छा फैसला नहीं होता।' कार्यक्रम में बदलाव से अब यह भी तय है कि पाक सुपर लीग के बाकी बचे चार मैच भी अब कराची में ही आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया, 'इसमें शामिल हर किसी की भलाई के लिए पीएसएल के बाकी बचे चार मैच और जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय बिना किसी खतरे और रुकावट के करवाए जाने के लिए यह जरूरी था इन्हें स्थानांतरित किया जाए।' इससे पहले 30 अक्टूबर से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू हो रही एकदिवसीय सीरीज को भी पाकिस्तान ने मुलतान से बदलकर रावलपिंडी कर दिया था।

## स्ट्राइकर लुका को हो सकती है छह महीने की जेल

**बेलग्रेड।** रीयाल मैड्रिड फुटबॉल क्लब के स्ट्राइकर लुका जोविच को कोरोना वायरस नियमों का उल्लघंन करने के कारण सर्बिया में छह महीने जेल की सजा हो सकती है। सर्बियाई अभियोजन पक्ष ने कहा कि मार्च में जोविच थोड़े समय के लिये स्पेन से घर लौट आये थे और उन्हें बेलग्रेड की सड़कों पर देखा गया था। इस दौरान उनकी महिला मित्र के जन्मदिन की पार्टी पर उनकी तस्वीर भी खींची गई जबकि इस समय उन्हें 14 दिन के लिए पृथकवास में रहना था। अभियोजन पक्ष ने इस मामले को अदालत में भी पेश किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार इस स्ट्राइकर को छह महीने जेल की सजा दी जानी चाहिए क्योंकि उन्होंने आरोप हटाये जाने के बदले में हर्जाने के तौर पर 30,000 यूरो का भुगतान करने से भी मना कर दिया है। सर्बियाई अधिकारियों ने इस दौरान फुटबॉल खिलाड़ियों के नियमों का उल्लघंन करने के लिए आलोचना भी की है। इससे पहले मार्च में 22 वर्षीय जोविच ने कहा था कि उन्हें पृथकवास की प्रक्रिया के बारे में जानकारी नहीं थी और वह देशवासियों व अपने परिवार का समर्थन करने के लिये सर्बिया आये थे। साथ ही कहा कि उन्हें जांच में निगेटिव भी पाया गया था।

# वरुण ने लगाया पंजा, कोलकाता ने दिल्ली को 59 रन से हराया

- प्ले-ऑफ के लिए नाइट राइडर्स का दावा मजबूत

अबुधाबी ■ एजेंसी

आईपीएल के 13वें सीजन के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (डडफ) ने दिल्ली कैपिटल्स (उळ) को 59 रन से हरा दिया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 195 रन का टारगेट दिया। जवाब में दिल्ली 9 विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने अपने आईपीएल करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ कोलकाता ने प्ले-ऑफ के लिए अपना दावा और मजबूत कर लिया है। दिल्ली के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। इसके अलावा ऋषभ पंत ने 27 रन की पारी खेली। वहीं, केकेआर के लिए वरुण के अलावा पैट कमिंस को 3 और लोकी फर्ग्यूसन को एक विकेट मिला।



### दिल्ली के ओपनर जल्दी आउट हुए

दिल्ली की शुरूआत खराब रही। अजिंक्य रहाणे इनिंग्स की पहली बॉल पर आउट हुए। उन्हें 0 के निजी स्कोर पर पैट कमिंस ने आउट किया। इसके बाद शिखर धवन भी कुछ खास नहीं कर सके और 6 रन बनाकर कमिंस का दूसरा शिकार बने।

### पंत-अय्यर के बीच 63 रन की पार्टनरशिप हुई

ओपनर्स के जल्दी आउट होने के बाद अय्यर और पंत ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 63 रन की पार्टनरशिप हुई। खतरनाक होती इस पार्टनरशिप को वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा। वरुण ने पंत को 27 रन के निजी स्कोर पर शुभमन गिल के हाथों कैच कराया।

### दिल्ली ने बनाए 6 विकेट पर 194 रन

इससे पहले नीतीश राणा (81) और सुनील नरेन (64) की फिफ्टी की बदौलत कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 194 रन बनाए। राणा की यह आईपीएल में 10वीं और नरेन की चौथी फिफ्टी है। इसके अलावा इयोन मॉर्गन 17 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, दिल्ली के एनरिच नोर्तजे, कगिसो रबाडा और मार्कस स्टोइनिस को 2-2 विकेट मिले।

### राणा ने अपने ससुर को दिया ट्रिब्यूट

राणा ने मैच के दौरान अपने दिवंगत ससुर सुरिंदर मारवाह को एक इमोशनल ट्रिब्यूट दिया। उनका शुक्रवार को कैंसर की वजह से उनका निधन हो गया था। उन्होंने जर्सी दिखाई, जिस पर सुरिंदर नाम लिखा था। आईपीएल ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर इसकी पुष्टि की।

## विराट एक असाधारण प्रतिभा वाले खिलाड़ी



**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान जो रूट ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि विराट एक असाधारण प्रतिभा वाले खिलाड़ी हैं। वह सभी प्रारूपों में एक संपूर्ण बल्लेबाज हैं। इसके साथ ही सीमित ओवरों के प्रारूप में उनके रनों का पीछा करने की उनकी क्षमता असाधारण है। रूट ने कहा, विराट संभवतः तीनों प्रारूपों में से सबसे पूर्ण खिलाड़ी हैं। सीमित ओवरों के प्रारूप में रनों का पीछा करते समय पारी को गति देने और आखिर तक आउट नहीं होने के मामले में वह असाधारण है। उन्होंने कहा, वह संपूर्ण खिलाड़ी की तरह खेलते हैं, आप यह नहीं कह सकते कि वह तेज या स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ असरदार नहीं है। इंग्लैंड दौरे पर 2014 में विफल रहने के बाद कोहली ने 2018 में शानदार वापसी करते हुए सभी प्रारूपों में 894 रन बनाये थे। रूट ने कहा, वह इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर संघर्ष कर रहे थे लेकिन वापसी करने पर उन्होंने काफी रन बनाये। उन्होंने दुनिया के हर हिस्से में रन बनाये है। भारतीय टीम का पूरा भार उनके कंधे पर है। रुट ने कहा कि वह दूसरे खिलाड़ियों से अपनी तुलना नहीं करना चाहते है लेकिन कोहली, केन विलियमसन और स्टीव स्मिथ से की बल्लेबाजी का तरीका देखते रहते हैं।

| आईपीएल 2020: बैंगलोर के खिलाफ चैन्नई का मुकाबला आज |

# सम्मान बचाने की खातिर उतरेगा चेन्नई

- तीन जीत के साथ चैन्नई अंक तालिका में आखिरी स्थान पर है
- बैंगलुरु ने अब तक 7 मैच जीते हैं, तालिका में तीसरे स्थान पर कायम

दुबई ■ एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक 11 में से आठ मुकाबलों में हार का सामना करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच चुकी चेन्नई सुपर किंग्स(सीएसके) की कोशिश रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर(आरसीबी) के खिलाफ जीत दर्ज कर सम्मान हासिल करने की होगी। सीएसके के नाम 11 मैचों में छह प्वॉइंट्स है और टीम अपने तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीत कर प्लेऑफ में अगर-मगर के फेर के साथ पहुंच सकती है।

इसके लिए दूसरी टीमों के नतीजे भी उसके मुताबिक होने चाहिए। आईपीएल की तीन बार की चैम्पियन मौजूदा सीजन में हर डिपार्टमेंट में संघर्ष कर रही है। सीएसके ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ युवा रुतुराज गायकवाड़ और नारायण जगदीशन को प्लेइंग में शामिल किया, लेकिन दोनों बल्लेबाज खाता खोले बिना आउट हो गए। प्वॉइंट टेबल में आखिरी पायदान पर काबिज सीएसके को विराट कोहली की टीम से एक और कड़ी चुनौती मिलेगी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 14 प्वॉइंट्स के साथ टेबल में तीसरे स्थान पर है। पहले और दूसरे स्थान पर काबिज दिल्ल कैपिटल्स और मुंबई इंडियन्स के नाम भी इतने ही प्वॉइंट्स हैं। आरसीबी की कोशिश इस मैच में दो प्वॉइंट्स हासिल करने के अलावा नेट रनरेट सुधारने पर होगी, जिससे टीम को प्लेऑफ में फायदा हो सके। कोहली की टोली राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ लगातार दो जीत दर्ज कर शानदार लय में है। राजस्थान के खिलाफ एबी डिविलियर्स ने अपने बूते टीम को जीत दिलाई तो वहीं केकेआर के खिलाफ मोहम्मद सिराज ने कातिलाना गेंदबाजी की। उन्होंने मेडन ओवर में दो विकेट चटकाए जिससे टीम ने दो बार की चैम्पियन को आठ विकेट से हराया।



### दोनों टीमों के संभावित खिलाड़ी

**चैन्नई सुपर किंग्स:** सैम करन, रुतुराज गायकवाड़, एन जगदीशन, फाफ डु प्लेसिस, शेन वॉटसन, अंबाती रायुडू, महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), रविंद्र जडेजा, इमरान ताहिर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** देवदत्त पडीक्कल, आरोन फिंच, विराट (कप्तान), एबी डिविलियर्स, गुरकीरत सिंह मान, क्रिस मोरिस, इसुरु उडाना, वॉशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल।

### राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी मुंबई इंडियंस

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियंस रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। इस मैच में टीम के कप्तान रोहित शर्मा के खेलने पर संदेह अभी बरकरार है। रोहित पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण ही पिछले मैच में सीएसके के खिलाफ नहीं खेल पाये थे। वहीं दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिये इस मैच में जीत दर्ज करनी होगी।



राजस्थान रॉयल्स को पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से आठ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका मनोबल गिरा हुआ रहेगा। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही मुंबई इंडियंस प्ले ऑफ में पहुंचने की ओर है जबकि राजस्थान के लिये यह मैच काफी अहम है वह सातवें स्थान पर है और एक हार उसे मुकाबले से बाहर कर सकती है। सीएसके के खिलाफ पिछले मैच में रोहित के बाहर रहने के कारण युवा ईशान किशन और क्विंटन डि कॉक ने पारी को संवारा था और उसे शानदार जीत दिलाई थी। ऐसे में अगर रोहित रविवार को उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो ये दोनों फिर से पारी की शुरूआत करेंगे। मुंबई का मध्यक्रम भी ठीक है। उसके पास सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या जैसे बल्लेबाज हैं।

## फ्लिपकार्ट होलसेल और बेस्ट प्राइस की द बिग बिलियन डेज सेल में किराना और रिटेलरों ने की भारी बचत

बैंगलुरु ■ एजेंसी

देश भर के किराना और रिटेलरों ने इस त्योहारी मौसम के जश्न का अच्छा लाभ उठाया और इसकी वजह थी द बिग बिलियन डेज सेल जिसे फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल और बेस्ट प्राइस कैश-एंड-कैरी स्टोर्स से संयुक्त रूप से पहली बार आयोजित किया था। देश के 3000 से ज्यादा पिनकोडों पर, एक लाख से ज्यादा खुदरा विक्रेताओं -जिनमें से अधिकांश छोटे किराना हैं- ने बैस्ट प्राइस स्टोर्स व उसके ई-कॉमर्स चैनलों तथा फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप के जरिए द बिग बिलियन डेज सेल के दौरान खरीददारी की। यह सेल 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चली। फ्लिपकार्ट के बी2बी बिजनेस के सदस्यों ने पैकेज्ड फूड, होम केयर, पर्सनल केयर, इलेक्ट्रॉनिक्स व उपकरणों, अपैरल, फुटवियर और जनरल मर्चेंडाइज आदि श्रेणियों में सामान की खरीददारी पर 60 प्रतिशत तक की बचत प्राप्त की। फ्लिपकार्ट होलसेल और वालमार्ट इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हैड आदर्श मेनन ने कहा, ऐसा पहली बार हुआ है कि फ्लिपकार्ट के बी2बी बिजनेस ने द बिग बिलियन डेज का आयोजन किया तथा इस वार्षिक आयोजन की क्षमता का उपयोग करते हुए किराना कारोबारियों और सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योगों तक इस आयोजन का लाभ पहुंचाया। हम किराना कारोबारियों और सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्योगों को खुशहाल बनाने और रिटेल ईकोसिस्टम के लिए समर्पित हैं। हम इस सेल में अपने सदस्यों के लिए कुछ सर्वश्रेष्ठ ऑफर लेकर आए।

## एमसीएक्स पर 4 दिसंबर का डिलिवरी वाला सोना 100 रुपए तेजी के साथ बंद हुआ

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

वर्तमान सप्ताह में काफी उठापटक के बाद एमसीएक्स पर 4 दिसंबर का डिलिवरी वाला सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 50866 के स्तर पर बंद हुआ। सप्ताह के आखिरी दिन इसमें 10617 लॉट का कारोबार हुआ था। शुक्रवार सुबह 50865 के स्तर पर खुला था और 51040 के उच्चतम स्तर और 50643 के न्यूनतम स्तर तक पहुंचा था। पिछले सप्ताह सोना 50,653 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। इसी तरह फरवरी 2021 डिलिवरी वाला सोना 34 रुपये की तेजी के साथ 50930 के स्तर पर बंद हुआ।एमसीएक्स पर 4 दिसंबर डिलिवरी वाली चांदी 190 रुपये की गिरावट के साथ 62425 के स्तर पर बंद हुई। सप्ताह के आखिरी दिन इसमें 21726 लॉट का कारोबार हुआ था। उसी तरह मार्च 2021 डिलिवरी वाली चांदी 26 रुपये की तेजी के साथ 64128 के स्तर पर बंद हुई। इंटरनैशनल मार्केट में सोना की कीमत पर दबाव दिख रहा है। इस सप्ताह सोना 1904 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर बंद हुआ। चांदी की भी कीमत पर दबाव दिख रहा है। इस सप्ताह यह 24.69 डॉलर प्रति आउंस के स्तर पर बंद हुई। दिल्ली सरार्फा बाजार में शुक्रवार को सोना 75 रुपये गिरकर 51,069 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,144 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## 6 महीने के उच्च स्तर पर रिफाइनरी प्रोसेसिंग, तेल की मांग भी बढ़ी



- सितंबर में 4.33 मिलियन बैरल प्रतिदिन क्रूड की रिफाइनिंग हुई
- देश की रिफाइनरी अपनी क्षमता के औसत 86 फीसदी पर पहुंची

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

अनलॉक के बाद देश में इंडस्ट्रियल और परिवहन गतिविधियों में लगातार सुधार हो रहा रहा। इससे आर्थिक रिकवरी लगातार बढ़ रही है। क्रूड ऑयल प्रोसेसिंग से भी इसका एक और संकेत मिला है। सरकारी डाटा के मुताबिक, देश की रिफाइनरी में क्रूड ऑयल प्रोसेसिंग 6 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। डाटा के मुताबिक, सितंबर में रोजाना 4.33 मिलियन बैरल प्रतिदिन (17.71 मिलियन टन) क्रूड ऑयल की रिफाइनिंग हुई है। अगस्त के मुकाबले इसमें 13.4 फीसदी की ग्रोथ रही है। कोरोनावायरस के कारण प्रतिबंध लगने के बाद पहली बार क्रूड रिफाइनिंग का यह उच्च स्तर है। प्रतिबंध से पहले 5.01 मिलियन बैरल प्रतिदिन रिफाइनिंग हो रही थी।

### सितंबर में 20 फीसदी की रिकवरी आई थी

कोरोना के कारण क्रूड ऑयल रिफाइनिंग में अप्रैल 2003 के बाद सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। डाटा के मुताबिक, सितंबर में क्रूड ऑयल रिफाइनिंग में 20 फीसदी की रिकवरी हुई थी। हालांकि, यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले यह 8.7 फीसदी कम थी। सितंबर में रिफाइनरी 86.22 फीसदी क्षमता पर काम कर रही थी, जबकि अगस्त में यह 76.10 फीसदी था।

### आईओसीएल की रिफाइनरी 81 फीसदी क्षमता पर पहुंची

डाटा के मुताबिक, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की रिफाइनरी 81 फीसदी क्षमता पर पहुंच गई है। वहीं सबसे बड़ी रिफाइनरी वाली कंपनी रिलायंस की रिफाइनिंग क्षमता 89.37 फीसदी पर पहुंच गई है। क्रूड ऑयल प्रोडक्शन 6 फीसदी की गिरावट के साथ 2.49 मिलियन टन रहा है।

### जून से लगातार बढ़ रही मांग

डाटा के मुताबिक, देश में जून के बाद तेल की मांग लगातार बढ़ रही है। प्रारंभिक डाटा के मुताबिक, मार्च के बाद पहली बार पेट्रोल की बिक्री बढ़ी है। इससे संकेत मिलता है कि त्योहारों से पहले इंडस्ट्रियल गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ी है।

# नहीं मिलेगा पीएम किसान का पैसा अगर परिवार में कोई है ऐसा

**नई दिल्ली।** पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम का फायदा करोड़ों किसानों को मिल रहा है। इस योजना के तहत रजिस्टर्ड किसानों को मोदी सरकार सालाना 6000 रुपये देती है। दो-दो हजार की ती किस्तों में सीधे किसानों के खाते में रकम जाती है। इस योजना की सातवीं किस्त के रूप में 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में दिसंबर से 2000 रुपये आने वाले हैं। बहुत से किसानों को ये नहीं मालूम कि अगर उनके परिवार में कोई टैक्सपेयर है तो इस योजना का लाभ उसे नहीं मिलेगा। परिवार का आशय पति-पत्नी और अवयस्क बच्चे से है। यानी पति या पत्नी में से कोई पिछले साल इनकम टैक्स भारा है तो उसे इस योजाना का लाभ नहीं मिलेगा। आइए जानें और किन-किन लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा...

1-जो खेती की जमीन का इस्तेमाल कृषि कार्य की जगह दूसरे कामों में कर रहे हैं। गांवों में बहुत से किसान दूसरों के खेतों पर किसानी का काम तो करते हैं लेकिन खेत के मालिक नहीं होते। खेत के मालिक को फसल का कुछ हिस्सा या पैसे देते हैं। ऐसे किसान इस योजना का लाभ नहीं उठा सकते।



2-यदि कोई किसान खेती कर रहा है, लेकिन खेत उसके नाम नहीं है, तो वह लाभार्थी नहीं होगा। अगर खेत उसके पिता या दादा के नाम है तो भी पीएम किसान योजना का फायदा नहीं उठा सकते।

3-अगर कोई खेती की जमीन का मालिक है, लेकिन वह सरकारी कर्मचारी है या रिटायर हो चुका हो, मौजूदा या पूर्व सांसद, विधायक, मंत्री उन्हें पीएम किसान योजना का लाभ नहीं मिलता। इसके अलावा प्रोफेशनल रजिस्टर्ड डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट या इनके परिवार के लोगों को इस योजना का फायदा नहीं मिलता।

4-अगर कोई व्यक्ति खेत का मालिक है लेकिन उसे 10 हजार रुपये महीने से अधिक पेंशन मिलती है, वह इस योजना के लाभार्थी नहीं हो सकते। आयकर देने वाले परिवारों को भी इस योजना का फायदा नहीं मिलेगा।

## इस शहर में दो किलो प्याज के लिए दिखाना होगा पहचान पत्र, 35 रुपये की दर से बेच रही सरकार

**हैदराबाद।** प्याज की कीमतों में काबू करने के लिए जहां केंद्र सरकार ने उपाय तेज कर दिए हैं तो वहीं राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर जनता को फौरी राहत देने के लिए प्रयास शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में तेलंगाना सरकार ने शनिवार को किसान बाजारों के जरिए 35 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज बेचने का फैसला किया। गौरतलब है कि खुले बाजारों में प्याज की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। कई जगहों पर प्याज के भाव 100 रुपये किलो तक पहुंच गए थे। अभी भी अधिकतर शहरों में प्याज 75 के पार है।

**एक व्यक्ति को सिर्फ दो किलो प्याज**-एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक सरकार द्वारा संचालित 11 रायतु (किसान) बाजारों में आज से सस्ती दरों पर प्याज मिलने लगा है। राज्य की राजधानी में स्थित रायतु बाजारों में छोटे किसान सीधे उपभोक्ताओं को सब्जियां बेच सकते हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक एक व्यक्ति को सिर्फ दो किलो प्याज ही बेचा जाएगा और प्याज खरीदने के लिए ग्राहक के पास पहचान पत्र भी होगा चाहिए।

**राजस्थान से भी जल्द प्याज बाजार में आने की उम्मीद**-प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) बफर स्टॉक से राज्यों को प्याज भेजने की प्रक्रिया में और तेजी लाएगी। ताकि, बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। इसके साथ सरकार ने प्याज पर भंडारण क्षमता लागू करने के साथ विदेश से प्याज मंगाने के लिए आयात नियमों में कुछ ढील दी है।



विधानसभा उप निर्वाचन-2020





# फ्लैग मार्च निकालकर दिया संदेश : निर्भीक होकर डालें वोट

**ग्वालियर।** जिला प्रशासन और पुलिस आपकी सुरक्षा के लिये पूरी तरह मुस्तैद है। आप सब निर्भीक होकर आगामी 3 नवम्बर को अपने मताधिकार का उपयोग करें। यह संदेश कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी के नेतृत्व में निकले विशाल फ्लैग मार्च के जरिए विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर एवं 16-ग्वालियर पूर्व के मतदाताओं को दिया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने तीन किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस एवं विशेष सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च



रविवार की शाम यह फ्लैग मार्च विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व के अंतर्गत बारादरी मुरार से शुरू होकर कुम्हरपुरा, ठाठीपुर तिराहा, यूनिवर्सिटी रोड़, आकाशवाणी तिराहा व बस स्टैण्ड से गुजरा। इसके बाद पड़ाव पुल से होते हुए विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर में पहुँचा। लोको से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने पैदल फ्लैग मार्च किया। पैदल मार्च लोको से तानसेन नगर, पाताली हनुमान तिराहा, इंटक मैदान व हजीरा होते हुए जेसी मिल मार्ग से निकला। इसके बाद इस क्षेत्र के अन्य इलाकों में भी फ्लैग मार्च पहुँचा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा उप चुनाव सम्पन्न कराने के लिये पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर मतदान केन्द्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही मतदान सम्पन्न होने तक सेक्टर मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वॉयड तथा जिला प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सतत रूप से हर मतदान केन्द्र के संपर्क में रहेंगे। जरूरत के मुताबिक मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। श्री सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। हर मतदान केन्द्र पर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये भी पुख्ता इंतजाम रहेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने बताया कि जिले में विधानसभा उप चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय बलों की 10 कंपनियाँ सहित लगभग 5500 जवान एवं पुलिस अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ मतदाताओं की सुरक्षा के लिये तैनात रहेंगे। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डेय व सुश्री सुमन गुर्जर सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस एवं सशस्त्र बलों के जवान शामिल थे।

## लुप्त होने की कगार पर है पुरानी परम्पराए

भिण्ड आज आधुनिक की दौड़ में लुप्त होने की कगार पर है पुरानी परम्पराए किसी जमाने में अपने अनोखे प्रेम के लिए सुविख्यात टेसू और झेंझी विवाह की परंपरा को आज की युवा पीढ़ी भूलती जा रही है। अगर हम इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पता चलता है कि किसी समय में इस प्रेम कहानी को परवान चढ़ने से पहले ही मिटा दिया गया था। लेकिन उनके सच्चे प्रेम की उस तस्वीर की झलक आज भी यदाकदा देखने को मिल ही जाती है। शहर के लोग तो इसे लगभग पूरी तरह भूल ही चुके हैं। लेकिन गांवों में कुछ हद तक यह परंपरा अभी भी जीवित है।जहां आज भी टेसू-झेंझी का विवाह बच्चों व युवाओं द्वारा रीति-रिवाज व पूरे उत्साह के साथ कराया जाता है। जो इस बात का प्रतीक है कि अपनी प्राचीन परंपरा को सहेजने में गांव आज भी शहरों से कई गुना आगे हैं। अड़ता रहा **टेसू, नाचती रही झेंझी**-टेसू गया टेसन से पानी पिया बेसन से...नाच मेरी झिंझरिया... आदि गीतों को गाकर उछलती-कूदती बच्चों की टोली आपने जरूर देखी होगी। हाथों में पुतला और तेल का दीपक लिए यह टोली घर-घर जाकर चंदे के लिए पैसे मांगती है। कोई इन्हें अपने द्वार से खाली हाथ ही लौटा देता है, तो कहीं ये गाने गाकर लोगों का मनोरंजन करते हैं।मकसद सिर्फ एक होता है, चंदे के पैसे इकट्ठे कर टेसू-झेंझी के विवाह को धूमधाम से करना। वहीं छोटी-छोटी बालिकाएं भी अपने मोहल्ला-पड़ोस में झेंझी रानी को नचाकर बड़े-बुजुर्गों से पैसे ले लेती हैं। लेकिन वर्तमान परिदृश्य में बच्चों की ये टोलियां बहुत ही कम दिखाई देती हैं।



# क्षेत्र का विकास सिर्फ कांग्रेस सरकार ही करा सकती हैः डॉ.सिकरवार

**ग्वालियर।** हम और आप गाडी के दो पहिये की तरह क्षेत्र में एक पारिवारिक माहौल में काम करेंगे और एक दूसरे के दुख-सुख में साथ देते रहेंगे। डॉ. सिकरवार ने कहा कि बिकाऊलाल ने कभी क्षेत्र के विकास में कोई रूचि नहीं ली और न कोई काम कराये, सिर्फझूठ, फरेब और शडयंत्र की राजनीति की है। बिकाऊलाल के भ्रामक प्रचार को जनता बेहतर तरीके से समझती है। हम सर्वहारा वर्ग की भलाई और उत्थान के लिए काम करते हैं। यह बात आज 16 ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याशी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने क्षेत्र में आयोजित विभिन्न बैठकों में कही।

**वार्ड-24 में घर-घर जाकर हुआ सघन् जनसम्पर्कः-** आज सुबह सैकड़ो कार्यकर्ता डॉ.सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में थाठीपुर मस्जिद पर एकत्रित हुये और वहां से मोहन नगर, चंद्रा हॉस्पीटल के बाहर से होते हुये, सुरेष नगर के अंदर, षंकर पार्क, हनुमान पार्क, डूडी की बगिया, गल्ला कोठार, षिवाजी नगर, चौहान प्याऊ के पीछे से इन्द्रा नगर, बैरिक लाईन, ए-ब्लॉक, बी-ब्लॉक, सी-ब्लॉक, एम-ब्लॉक, पी-ब्लॉक, एफ-टाईप, माधव एन्कलेव, चम्बल कॉलोनी एवं आस-पास की विभिन्न गलियों में घर-घर जाकर सघन् जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क के दौरान जगह-जगह डॉ. सिकरवार का पुश्पहार पहनाकर सम्मान किया एवं महिलाओं ने तिलक कर आर्षीवाद दिया। जनता को



दी बधाईः- जनसम्पर्क एवं बैठकों के दौरान डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने क्षेत्रवासियों त्यौहार दषहरा की बधाई दी।

**आज दिनांक 26 अक्टूबर कार्यक्रमः-** कल सुबह 8 बजे द्वारकाधीष मंदिर थाठीपुर से ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी थाठीपुर का जनसम्पर्क वार्ड क्रमांक 28 में षुरू होगा।

डाक मत पत्र से मतदान करने के लिये

# प्रशिक्षण स्थल पर बने हैं विधानसभा क्षेत्रवार सुविधा केन्द्र

**अधिकारी-कर्मचारियों से मताधिकार का उपयोग करने की अपील**

**ग्वालियर।** मतदान दलों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों को भी डाक मत पत्र के जरिए मतदान करने की सुविधा मुहैया कराई गई है। यहाँ आईआईटीटीएम (भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान) में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थल पर डाक मत पत्र सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने डाक मत पत्र के लिये फार्म-12 में आवेदन किया था, वे सभी इन सुविधा केन्द्र में प्रात॰ 10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक डाक मत पत्र द्वारा मतदान कर सकेंगे। ज्ञात हो आईआईटीटीएम में मतदान दलों का प्रशिक्षण 26, 27, 28 व 29 अक्टूबर को जारी रहेगा।

मतदान दलों में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे इन सुविधा केन्द्रों का लाभ उठाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। साथ ही ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो मतदान दलों की ड्यूटी से मुक्त हो गए हैं पर फॉर्म-12 में डाक मत पत्र के लिये आवेदन कर चुके हैं। उनसे भी आईआईटीटीएम में बने मतदान सुविधा केन्द्र में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई है। डाक मत पत्र के नोडल अधिकारी श्री के के सिंह गौर ने बताया कि मतदान दलों में शामिल 394 अधिकारी-कर्मचारी गत 25 अक्टूबर को सुविधा केन्द्र के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं।

**5 हजार 333 अधिकारी-कर्मचारियों ने भरे हैं डाक मत पत्र के लिये फार्म** -डाक मत पत्र से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 5 हजार 333 अधिकारी-कर्मचारियों ने फार्म-12 में आवेदन किए हैं। डाक मत पत्र के नोडल अधिकारी श्री के के सिंह गौर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर के अंतर्गत 2058 कर्मचारी, विधानसभा क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व में 2358 एवं विधानसभा क्षेत्र 19-डबरा (अजा) में 917 अधिकारी-कर्मचारियों ने डाक मत पत्र के लिये फार्म भरे हैं।

# अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की 290 वी साप्ताहिक बैठक का विवरण

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर की साप्ताहिक बैठक भगवान अग्रसेन, महालक्ष्मी की जयघोष एवं विजयादशमी और नव दुर्गे की बधाइयां और शुभकामनाओं के साथ प्रारंभ हुई । आज की बैठक में डॉ राम बाबू गोयल संजीव अग्रवाल राजकुमार गर्ग फतेह बाबा धीरेंद्र जी अग्रवाल कानपुर मुकेश अग्रवाल दिनेश जी बंसल जेपी अग्रवाल साहब गोहद गणेश जी अग्रवाल श्रीमती पूजा अग्रवाल गोहद श्री दीपचंद जी गोयल शील नगर श्री अशोक अग्रवाल कांति नगर हरप्रसाद जी अग्रवाल महेश चंद जी बंसल जयपुर से मुख्य रूप में उपस्थित रहे। आज विजयदशमी एवं नव दुर्गा की नवमी होने के बावजूद भी अग्र मिलन के सदस्यों ने मीटिंग में भाग लेकर मीटिंग को सफल बनाया। मीटिंग में भाई संजीव अग्रवाल ने सुझाव दिया की अग्र मिलन के साथी अपने साथ अपने परिजनों को भी मीटिंग में सम्मिलित करें और उनका परिचय



कराएं तो ज्यादा अच्छा रहेगा इससे एक दूसरे में पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा इसकी सभी लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की । डॉक्टर मित्तल साहब जो कार्डियोलॉजिस्ट हैं उनसे समय लेकर अगली मीटिंग में या उससे अगली मीटिंग में उनकी एक टॉक अग्र मिलन के कार्यक्रम में रख ली जाएगी इस पर सबकी सहमति थी ।श्री जेपी अग्रवाल गोहद बालों ने विवाह के उपरांत बहू और सास में तालमेल कैसे बैठे , इस पर अपनी चिंता व्यक्त की और सुझाव भी दिए अग्र मिलन की आने वाली बैठकों में इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी इसे सदन ने बहुमत से स्वीकार किया साथ ही श्रीमती पूजा अग्रवाल गोहद ने उदाहरण देते हुए कहा कि शक्कर जैसे चाय में अपने आप नहीं मिलती यदि उसे एक चम्मच से हिला दिया जाए तो वह शीघ्र मिल जाती है और मधुरता कायम करती है अतः सास और बहू एक साथ मिलने में थोड़ा समय लगेगा उसको मिलाने के लिए हम सबको चम्मच का कार्य करना होगा ऐसा उनका साधारण भाषा में सुझाव था जिसको सब लोगों ने बहुत सराहा । अन्य सदस्यों में जैसे हर प्रसाद जी अग्रवाल मुकेश जी अग्रवाल आदि ने अपने सुझाव रखे इनकी सबने भूरी भूरी प्रशंसा की । अंत में आज का आभार डॉ राम बाबू गोयल की अनुशंसा पर श्रीमती पूजा अग्रवाल गोहद द्वारा किया गया आज की सभा सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त हुई और सब से अनुरोध किया गया कि वे अपने संबंधियों और अग्र मिलन के पुराने साथियों से संबंध स्थापित कर मीटिंग में उपस्थित रहने का आग्रह करें डॉ राम बाबू गोयल एवं अग्र मिलन ग्रेटर ग्वालियर के सभी सदस्य।

# डाक मत पत्र से मतदान करने के लिये प्रशिक्षण स्थल पर बने हैं विधानसभा क्षेत्रवार सुविधा केन्द्र

**अधिकारी-कर्मचारियों से मताधिकार का उपयोग करने की अपील**

**ग्वालियर ।** मतदान दलों में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों एवं पुलिस कर्मियों को भी डाक मत पत्र के जरिए मतदान करने की सुविधा मुहैया कराई गई है। यहाँ आईआईटीटीएम (भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान) में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थल पर डाक मत पत्र सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने डाक मत पत्र के लिये फार्म-12 में आवेदन किया था, वे सभी इन सुविधा केन्द्र में प्रात॰ 10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक डाक मत पत्र द्वारा मतदान कर सकेंगे। ज्ञात हो आईआईटीटीएम में मतदान दलों का प्रशिक्षण 26, 27, 28 व 29 अक्टूबर को जारी रहेगा। मतदान दलों में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे इन सुविधा केन्द्रों का लाभ उठाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। साथ ही ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो मतदान दलों की ड्यूटी से मुक्त हो गए हैं पर फॉर्म-12 में डाक मत पत्र के लिये आवेदन कर चुके हैं। उनसे भी आईआईटीटीएम में बने मतदान सुविधा केन्द्र में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई है। डाक मत पत्र के नोडल अधिकारी के के सिंह गौर ने बताया कि मतदान दलों में शामिल 394 अधिकारी-कर्मचारी गत 25 अक्टूबर को सुविधा केन्द्र के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं। 5 हजार 333 अधिकारी-कर्मचारियों ने भरे हैं डाक मत पत्र के लिये फार्म डाक मत पत्र से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 5 हजार 333 अधिकारी-कर्मचारियों ने फार्म-12 में आवेदन किए हैं।

# दलित समाज को वोट बैंक समझती है कांग्रेसः लाल सिंह आर्य

ग्वालियर । हमारा लक्ष्य जनकल्याण है, क्षेत्र का विकास है और कांग्रेस का लक्ष्य जनता को धोखा देना और उनको भ्रमित करना है। 2018 विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को फार्म भरवाए गए थे कि हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे और प्रदेश की जनता से कहा कि अगर भाजपा जीती तो संविधान खत्म हो जाएगा। कांग्रेस ने हमेशा से दलितों को सिर्फ वोट बैंक ही समझा है। उनके लिए कुछ किया नहीं है। यह बात रविवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कही। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के 15 माह के शासन में जनकल्याण के लिए एक भी योजना नहीं बनी। उन्होंने ग्वालियर-चंबल अंचल को 15 मिनिट का समय भी नहीं दिया। भाजपा समरसता की बात करती है और कांग्रेस समाज को आपस में लड़ाती है। आज देश का दलित वर्ग अंगड़ाई ले चुका है, वह कांग्रेस को अच्छी तरह से समझ चुका है। कांग्रेस दलित वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती है। हम दलित वर्ग को वोट बैंक के रूप में नहीं मानते। हम चाहते हैं कि दलित का सम्मान हो। कांग्रेस दलित विरोधी है, गरीब विरोधी है, किसान विरोधी है, युवा विरोधी है, महिला विरोधी है, इसलिए इन उपचुनावों में कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। आर्य ने कहा कि कांग्रेस के चाल-चेहरे और चरित्र में सच्चाई नहीं दिखाई देती। वह करते कुछ हैं और बोलते कुछ हैं। कमलनाथ ने भाजपा प्रत्याशी श्रीमती इमरती देवी पर अमर्यादित टिप्पणी करके अपनी मानसिकता जाहिर कर दी। इसका देश के दलित वर्ग और सभी समाजों ने पुरजोर विरोध किया। राहुल गांधी के कहने पर भी उन्होंने माफी नहीं मांगी। उन्होंने कहा कि आज दमोह के कांग्रेस विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को लग रहा है कि कांग्रेस की नाव डूब रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2014 में देश की रैलियों में जब कांग्रेस मुक्त भारत की कल्पना की थी तब कांग्रेस के नेता इसका विरोध कर रहे थे, लेकिन आज मोदी जी की बात सही साबित हो रही है। कांग्रेस की आत्मा सत्ता में बसती है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार सात दिन बिहार चुनाव के दौरे पर था, बिहार में एनडीए की सरकार निश्चित रूप से बन रही है। कांग्रेस अगर दो अंक तक पहुंच जाए तो यह बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा कि मप्र उपचुनावों में मैं 25 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच चुका हूं। मैंने अजा मोर्चा के सम्मेलनों में, कार्यकर्ताओं की बैठकों में एवं जनसंपर्क में भाग लिया।

## किले पर स्टंट करने वालों पर नकेल, सुबह उरवाई गेट पर रोका वाहनों को

**ग्वालियर।** किले पर सुबह अक्सर युवाओं के द्वारा मोटर साइकिलों से स्टंट कर आवारा गर्दी ओर उत्पात किया जाता है। इसके संबंध में कुछ लोगों ने अधिकारियों को मैसेज करके शिकायत की थी इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आज सुबह साढ़े पांच बजे से किले के ऊपर घूमने आने वाले लोगों के वाहनों को उरवाई गेट पर ही रोका गया और लोगों को पैदल ही जाने दिया गया। अब प्रतिदिन बहोड़ापुर थाने से बल लगाकर सुबह 5 बजे से 8 बजे तक किले पर वाहनों का जाना प्रतिबंधित रहेगा।

TOMAR ASSOCIATES

शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये

नवरात्री के अवसर पर विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध

ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युक्त पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध हैं।

500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट

नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।

नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी ।

कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक

पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.

मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.

मुद्रक : भारत प्रिंटर्स,गिरिराज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm. (Min. size 5×9)

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज 12×5 - 2000 रु

निःशुल्क: बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478